हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 275, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 7 अप्रैल, 2024 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## मैंने गारंटी दी थी, देश नहीं झुकने दूंगा : मोदी

### 5वें नंबर की ताकत बना भारत, पूरे विश्व में देश का डंका बज रहा

सहारनपुर। लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सहारनपुर की धरती से चुनावी शंखनाद किया। प्रधानमंत्री की रैली दिल्ली रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग मैदान में आयोजित की गई है। यहां जनसभा स्थल के मंच से पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत राम-राम से की और मां शाकंभरी देवी को नमन किया। पीएम मोदी ने राम-राम से मंच पर पहुंचकर अपना संबोधन शुरू कर कहा कि दुनिया भर में देश का डंका बज रहा है। हमारा स्थान मां शक्ति का स्थान है। विपक्षी गठबंधन के लोग खुलेआम चुनौती दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। क्या कोई शक्ति को खत्म कर सकता है? जिन-जिन लोगों ने शक्ति को खत्म करने का काम किया है, वह इतिहास में दर्ज है।



पीएम ने कहा कि याद कीजिए 2014 के वो दिन, उस समय देश घोर संकट के दौर से गुजर रहा था। मैंने उस समय गारंटी दी थी कि देश झुकने नहीं दूंगा, हर स्थिति को बदलूंगा। निराशा को आशा और आशा को विश्वास में बदलूंगा। आपने अपने आशीर्वाद में कोई कमी नहीं रखी। याद कीजिए तब हमारा भारत 11वें नंबर की ताकत था। अब मोदी ने 5वें नंबर की ताकत बना दिया है। आज भारत की तस्वीर विकसित देश की बना दी है। पूरे विश्व में देश का डंका बज रहा है।

**राजनीति नहीं राष्ट्रनीति पर चलती है भाजपाः पीएम मोदी–** पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन कमीशन और मोदी सरकार मिशन के लिए है। कहा कि आपने गलत जवाब दे दिया, ये मोदी का डंका नहीं, आप लोगों का है। हिंदुस्तान के हर कोने से एक ही आवाज आ रही है, फिर एक बार मोदी सरकार। आज भाजपा का स्थापना दिवस है। बहुत कम समय में भाजपा के साथ रिकॉर्ड लोग जुड़े हैं। भाजपा ने लोगों का दिल जीता है। इसका सबसे बड़ा कारण है भाजपा राजनीति नहीं राष्ट्रनीति पर चलती है।

**गरीब कल्याण हमारे लिए मिशन रहा है–** पीएम ने कहा कि राष्ट्र प्रथम हमारे संकल्प में है। देशहित से बड़ा कुछ भी नहीं हो सकता। भाजपा से लोग एक निशान के लिए जुड़ते हैं। गरीब कल्याण हमारे लिए मिशन रहा है। भाजपा ने गरीब के जीवन से अंधेरा दूर किया। आने वाले पांच वर्ष मुफ्त राशन की गारंटी दी है। 10 वर्ष में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल पाए हैं, जो लोग कई दशक में नहीं कर पाए, वो भाजपा ने 10 वर्ष में कर दिया। पीएम ने कहा, जितनी भी सरकारें रही कमीशन खाने को प्राथमिकता दी। अयोध्या मे रामलला का मंदिर चुनावी घोषणा नहीं, मेरा मिशन रहा है। जम्मू कश्मीर से 370 हटाना हमारा मिशन रहा है।

कश्मीर में जो पत्थर फेंके गए, उनसे कश्मीर का निर्माण कराया। विकसित भारत का निर्माण किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने 10 वर्ष पूरी ताकत के साथ काम किया है। 70 प्रतिशत योजना लागू हो, ऐसा प्रयास है। सबका साथ और सबका विकास और सबका विश्वास ही हमारा मंत्र है। सहारनपुर की जो नक्काशी है, वह दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। मोदी और योगी आपके उत्पादों की बिक्री बढ़ाना चाहते हैं। अब हर राज्य में एकता मोल बनेगा। जिसमें हर राज्य की चीजें मिलेंगी। मतलब हम देश के वन डिस्ट्रिक वन प्रोडेक्ट को हर जगह पहुंचाना चाहते हैं।

### मॉब लिंचिंग : प्रवासी मजदूर को भीड़ ने खंभे से बांधकर पीटा, मौत, अब तक 10 गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। केरल के मुवातुपुज्झा में एक मॉब लिंचिंग का एक कथित सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया गया है कि यहां दो दिन पहले भीड़ ने एक प्रवासी मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी है। पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अशोक दास (24) के तौर पर की गई है। वह अरुणाचल प्रदेश का रहने वाला बताया गया है। बताया गया है कि वह नौकरी के लिए केरल आया था और मुवातुपुज्झा के करीब वलकम में एक किराए के घर में रह रहा था। पुलिस ने जो एफआईआर दर्ज की है, उसके मुताबिक, दास को एक खंभे में बांधकर पीटा गया। दरअसल, वह इलाके में ही रहने वाली एक महिला मित्र से मिलने गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पहले उससे पूछताछ की और खंभे पर बांधकर जबरदस्त तरीके से पीटा। बाद में उसे करीब के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन हालत बिगड़ने के बाद उसे कोलेनचेरी मेडिकल कॉलेज में शिफ्ट किया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि दास को खंभे पर बांधकर इतनी बुरी तरह पीटा गया था कि उसे गंभीर चोटें आईं। इसी के चलते उसकी जान चली गई। पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना में आईपीसी की धारा 174 के तहत केस दर्ज किया गया है।

## 45 सालों में इतनी बेरोजगारी नहीं रही जितनी आज है : प्रियंका गांधी


जयपुर। राजस्थान में पार्टी के घोषणा पत्र को लॉन्च करने के लिए जयपुर में कांग्रेस की बड़ी सभा हो रही है। इसमें शामिल होने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी समेत कई बड़े नेता जयपुर आए हैं। सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने भाजपा और मोदी सरकार पर तीखे प्रहार किए। प्रियंका गांधी ने कहा- कांग्रेस का घोषणा पत्र एक सूची नहीं है, यह संघर्ष की आवाज है। आज देश की परिस्थितियां क्या है आप सब अच्छी तरह जानते हैं। 45 सालों में इतनी बेरोजगारी नहीं रही जितनी आज है। बड़े-बड़े वादे किए थे बीजेपी ने लेकिन एक भी पूरा नहीं किया। ये अग्नीवीर जैसी योजना लाए- जिससे बच्चों की आशाएं टूट गईं। देश में हर जगह पेपर लीक हो रहे हैं। महंगाई की यह परिस्थिति है कि चुनाव आने लगा तो दो महीने पहले गैस सिलेंडर सस्ता कर दिया। लेकिन इतने सालों से इन्होंने क्या किया? प्रियंका गांधी ने कहा- किसानों की क्या परिस्थिति है। किसान सड़क पर आंदोलन करता है, पीएम उनकी सुनवाई नहीं करते। पेट्रोल-डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। कमाई में रुकावट और महंगाई, बेरोजगारी बढती जा रही है। इनके बारे में मीडिया आपको कुछ नहीं बताता है। भाजपा के राजस्थान में




आते ही चिरंजीवी स्कीम बंद हो गई। क्या इसके बारे में आपको जानकारी मिलती है। गरीब के लिए आगे का कोई रास्ता नहीं है। पूंजीपतियों के हजारों करोड़ के लोन माफ हो जाते हैं, लेकिन किसान 10 हजार के लोन के लिए आतमहत्या कर लेता है। असलियत क्या है इसको पहचानने का अब समय आ गया है। आपको सिर्फ यह सुनाई देता है कि 400 पार, सिर्फ यह दिख रहा है कि मोदीजी कहां भ्रमण कर रहे हैं। जितनी भी बड़ी स्कीमें बनी हैं वह सब उद्योगपतियों के लिए बनी है। जब हम न्याय की बात करते हैं तो हम यह पहचान कर कह रहे हैं कि आपके जीवन में अन्याय हो रहा है। कमजोर, मजदूर और गरीब की कोई सुनवाई नहीं है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पीएम मोदी एक खोखले संसार में रह रहे हैं। बड़ी-बड़ी इवेंटबाजी दिखाई जाती है सिर्फ सच्चाई छुपाने के लिए। आज पूरे विपक्ष पर हमला हो रहा है। दो-दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। कहते हैं भ्रष्टाचार पर हमला हो रहा है और भ्रष्टारियों को अपनी पार्टियों में ले रहे हैं। आज जो आप वोट डालने जा रहे हैं, वह देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए जा रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा- आज यह नौबत आ गई है कि जनता को ईवीएम पर भी भरोसा नहीं रह गया है। इन सब परिस्थितियों के बीच हमारा जो न्याय पत्र है उसे हम पूरा करके दिखाएंगे। इसका प्रमाण यह है कि हमने राजस्थान में भी अपना घोषणा पत्र पूरा करके दिखाया। स्थाई कृषि आयोग ऋण बनेगा। फसलों का नुकसान होने पर 30 दिन में पैसा बैंक खाते में जमा होगा। कृषि में जितने भी उपकरण इस्तेमाल होते हैं उन्हें जीएसटी से मुक्त किया जाएगा।

## मां से रंजिश, बेटी से बदला : बिहार में सात साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म; आंख फोड़ दी, गला मरोड़ मार डाला

पूर्णिया। पूर्णिया के रूपौली में सात साल की मासूम की निर्मम हत्या कर दी गई। हैवानों ने पहले मासूम के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया फिर आंख फोड़कर गला मरोड़ कर मार डाला। बच्ची का शव चपहरी गांव के बहियार में मिलने से सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी मिलते ही रूपौली थानेदार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करना शुरू कर दिया। रूपौली पुलिस द्वारा दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है। परिजनों ने बताया कि बच्ची अपनी दादी के साथ मक्का के खेत में खुट्टी काटने के लिए गई थी। दादी 10 बजे बच्ची को खेत में छोड़कर घर वापस चली आई। उसके बाद जब दादी खेत पहुंची तो बच्ची गायब थी। उसके बाद परिजनों द्वारा बच्ची की खोजबीन की जाने लगी। शुक्रवार की दोपहर में सूचना मिली कि मक्के की खेत में एक लड़की का शव पड़ा हुआ है। इसकी पहचान हम लोगों ने अपने बच्ची के रूप में किया।वहीं मृतिका के दादा ने रेप कर हत्या की आशंका जताई है। घटना के बाद दादा का कहना है बच्ची के साथ दो से तीन लोगों ने रेप किया है। उसके बाद गला मरोड़ कर हत्या कर दी। रूपौली पुलिस द्वारा दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हिरासत में लिये गये एक व्यक्ति मोतिहारी जिला का बताया जा रहा है। इधर, रूपौली थानेदार अमजद अली ने बताया दो संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। जांच के लिए एफएसएल की टीम की मदद ली गई है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।




## लोकसभा चुनाव के लिए आई कांग्रेस की एक और लिस्ट, गोवा के लिए उम्मीदवारों का किया एलान

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। पार्टी ने उत्तर और दक्षिण गोवा के संसदीय क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के नामों का एलान किया है। वहीं, मध्य प्रदेश के मुरैना, खंडवा और ग्वालियर और दादर एवं नगर हवेली (एसटी) के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसके मुताबिक, रमाकांत खलप उत्तर गोवा से चुनावी मैदान में होंगे। वहीं दक्षिण गोवा से कैप्टन विरिआतो फर्नांडिस चुनाव लड़ेंगे। गोवा से मौजूदा कांग्रेस सांसद फ्रांसिस्को सरदिन्हा को लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची से हटा दिया गया है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची में मध्य प्रदेश के मुरैना से सत्यपाल सिंह सिकारवर को, जबकि ग्वालियर से प्रवीन पाठक चुनावी मैदान में होंगे। वहीं, खंडवा से नरेंद्र पटेल को उम्मीदवार चुना गया। इसके अलावा दादर एवं नगर हवेली पर अजीत रामजीभाई महला पर पार्टी ने दांव खेला है। इससे पहले कांग्रेस ने दो अप्रैल को एक और सूची जारी की थी। इसके मुताबिक, वाईएस शर्मिला रेड्डी आंध्र प्रदेश के कडप्पा से, एमएम पल्लम राजू काकीनाडा से चुनाव लड़ेंगे। सूची में मोहम्मद जावेद को



किशनगंज और तारिक अनवर को कटिहार से चुनावी मैदान में उतारा गया है। इससे पहले पार्टी ने बीते दिन महाराष्ट्र की अकोला और तेलंगाना की वारंगल लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों का एलान किया था। लोकसभा की 543 सीट के लिए 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरण में चुनाव होना है। मतगणना चार जून को होगी।

## बीजापुर में फिर नक्सल एनकाउंटर, फोर्स और नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

रायपुर। बीजापुर में फिर नक्सल एनकाउंटर हुआ है। सुरक्षा बल और नक्सलियों के साथ शनिवार को हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर हो गये हैं। बताया जाता है कि तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर पुजारी कांकेर के करीगुंटा के जंगलों में मुठभेड़ जारी है। खबर लिखे जाने तक मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे चा चुके हैं। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। मामला उसूर थाने क्षेत्र का है। इतना ही नहीं घटनास्थल से एक एलएमजी और एक एके-47 समेत कई हथियार मिलने की भी खबर है। संयुक्त एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत यह एनकाउंटर ग्रेहाउंड और छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से किया गया है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए इन दिनों सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। हाल ही में बीजापुर जिले के ही कोरचोली लेंड्रा मुठभेड़ में 13 नक्सलियों को ढेर करने के बाद आज शनिवार को



ग्रेहाउंड्स और छत्तीसगढ़ पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में तीन नक्सली मारे जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के कई बड़े नक्सली लीडर्स की मौजूदगी की सूचना पर ग्रेहाउंड्स और छत्तीसगढ़ पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन लॉन्च किया है। दो अप्रैल को बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र के कोरचोली और लेंड्रा के जंगल में हुई जबरदस्त मुठभेड़ में पुलिस ने तीन महिला नक्सली समेत 13 नक्सलियों को मार गिराया था। घटनास्थल से पुलिस ने कई अत्याधुनिक हथियार बरामद किये थे। इनमें 1 नग 7.62 एलएमजी - 58 राउंड, 1 नग 303 रायफल - 39 राउंड, 12 बोर सिंगल शॉट 1 नग, बीजीएल लांचर 3 नग - 17 सेल, एयर गन 2 नग, विस्फोटक - हेंड ग्रेनेड 1, यूबीजीएल सेल 1, टिफिन बम 7 नग, जिलेटिन स्टीक कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर, इलेक्ट्रिक वायर, उपकरण -लेपटॉप, डीव्हीडी राईटर, वॉकीटॉकी और नक्सली वर्दी, पिट्ठू, सोलर प्लेट, नक्सली प्रचार प्रसार सामग्री, नक्सली साहित्य और रोजमर्रा के सामान शामिल थे।

## ओवैसी का दावा- मुख्तार के घर जाने के बाद से मिल रहीं धमकियां, बोले- मैं मुर्गी का बच्चा नहीं

हैदराबाद। एआईएमआईएम पार्टी के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद में एक जनसभा के दौरान दावा किया कि 'जब से वह उत्तर प्रदेश में मुख्तार अंसारी के घर होकर आए हैं, तब से ही उन्हें सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।' ओवैसी ने कहा कि 'मैं जुनैद के घर भी गया था और अखलाक के घर भी गया था। जो लोग मुझे धमकियां दे रहे हैं, उन्हें ये बात याद रखनी चाहिए कि मैं तभी मरूंगा, जब मेरा वक्त आएगा। मैं डरने वाला नहीं हूं।' इसे लेकर ओवैसी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी साझा किया है। जिसमें उन्होंने लिखा कि 'मैं उन शैतानी ताकतों से कह रहा हूं कि एक बात याद रखो, मैं कोई मुर्गी का बच्चा नहीं हूं, मैं इतनी आसानी से जाने वाला नहीं हूं। पीठ नहीं दिखाऊंगा, तुम क्या तुम्हारा बाप भी आए तो मैं मुकाबला करूंगा।' बाहुबली नेता और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की बीते दिनों बांदा जेल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। मुख्तार अंसारी की मौत पर बीते रविवार को असदुद्दीन ओवैसी गाजीपुर में मोहम्मदाबाद स्थित मुख्तार अंसारी के घर पहुंचे थे। इस दौरान ओवैसी ने मुख्तार



अंसारी के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। ओवैसी ने सीएए पर कहा कि 'सीएए, एनपीआर और एनआरसी को जोड़कर देखना चाहिए। पहले अमित शाह ने कहा था और अब राजनाथ सिंह ने साफ कर दिया है कि भारत में गरीबों, पीड़ितों और खासकर अल्पसंख्यक समुदाय के मुसलमानों को राज्यविहीन बनाना है। यही भाजपा की मंशा है।'

## एनआईए टीम पर हमले को लेकर घिरी सरकार, अमित मालवीय बोले- बंगाल में अपराधियों को टीएमसी का संरक्षण


कोलकाता। पश्चिम बंगाल में ईडी के बाद अब एनआईए टीम पर भी हमले की घटना सामने आई है। जिसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने राज्य की टीएमसी सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। साथ ही राज्य में कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के कुशासन में अराजकता की स्थिति जारी है। ईडी पर हमले के बाद अब एक और केंद्रीय एजेंसी पर हमला हुआ है। एनआईए अधिकारियों की एक टीम पर पूर्वी मेदिनीपुर के भूपतिनगर में हमला हुआ। एनआईए टीम टीएमसी के दो नेताओं को गिरफ्तार करने पहुंची थी। 100-150 ग्रामीणों ने न सिर्फ एनआईए टीम को आरोपियों को गिरफ्तार करने से रोका, बल्कि एनआईए के वाहनों पर पथराव भी किया। यह स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के संभव नहीं है। बंगाल के सभी अपराधियों शाहजहां शेख से लेकर अनुब्रत मंडल तक, सभी को टीएमसी का संरक्षण प्राप्त है।' अमित मालवीय ने अपने पोस्ट में दो वीडियो भी जारी किए हैं, जिनमें एक वीडियो स्थानीय लोग सुरक्षाबल के जवानों से बहस करते दिख रहे हैं, वहीं दूसरे वीडियो में एनआईए टीम के काफिले पर पथराव को दिखाया गया है। बंगाल में भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने भी



एनआई टीम पर हमले के लिए राज्य की टीएमसी सरकार को निशाने पर लिया। सिन्हा ने कहा कि 'इस हमले से साफ हो गया है कि राज्य में कानून व्यवस्था जैसी कोई स्थिति नहीं है। शासन के नाम पर ममता बनर्जी तानाशाही कर रही हैं, उन्होंने राज्य का भविष्य कट्टरपंथियों के हाथों में दे दिया है। हम मांग करते हैं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।' भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने एनआईए टीम पर हमले को लेकर कहा कि 'राज्य पुलिस ये सब कर रही है। वे अपराधियों को इकट्ठा करते हैं और फिर उन्हें सुरक्षित रास्ते से निकाल लेते हैं। जो हमला कर रहे हैं, उन्हें ये आश्वासन दिया जा रहा है कि उनकी सुरक्षा की जाएगी। उन्हें पता है कि एनआईए, सीबीआई और ईडी आएंगी और जाएंगी, लेकिन उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा। ऐसी घटनाओं में टीएमसी से जुड़े सभी लोगों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया जाना चाहिए, वरना राज्य में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकेंगे।' एनआईए टीम साल 2022 में हुए बम धमाके की जांच करने गई थी। इस दौरान एनआईए टीम दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अपने साथ कोलकाता ला रही थी, उसी दौरान एनआईए टीम पर हमला हुआ। ग्रामीणों ने एनआईए टीम के काफिले को घेर लिया और पथराव कर दिया। इस हमले में कई अधिकारी घायल हुए हैं। एनआईए टीम पर हमले को लेकर मामला दर्ज किया गया है।

## तिहाड़ जेल में 'आप' सांसद संजय सिंह का वजन छह किलो बढ़ा

नई दिल्ली। आप सांसद संजय सिंह तीन अप्रैल को 181 दिन बाद तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। उन्हें बुधवार रात साढ़े आठ बजे रिहा किया गया। जिसके बाद से संजय सिंह लगातार भाजपा पर हमलावर हैं। आप सांसद संजय सिंह ने शराब घोटाले को भाजपा की देन करार दिया है। जमानत मिलने के दो दिन बाद शुक्रवार को सांसद ने आरोप लगाया कि असली घोटाला ईडी की जांच के बाद शुरू हुआ। उधर, तिहाड़ जेल प्रशासन ने दावा किया है कि जेल में रहने के दौरान आप सांसद संजय सिंह का वजन बढ़ा है। तिहाड़ जेल प्रशासन की रिपोर्ट में बताया गया है कि 13 अक्टूबर 2023 को जब संजय सिंह जेल पहुंचे थे तो उनका वजन 76 किलो था। जब वह जेल से बाहर निकले तो उनका वजन 82 किलोग्राम था। इसी तरह उनका ब्लड प्रेशर जो पहले 153/103 रहता था घटकर 136/70 हो गया। तिहाड़ जेल में करीब छह महीने रहने के दौरान संजय सिंह का वजन करीब छह किलोग्राम बढ़ा है, जबकि बीपी कम हो गया। शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संजय सिंह ने कहा कि शराब घाटाले में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के लोग शामिल हैं और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को साजिश के तहत जेल भेजा गया। इसके पीछे आप को खत्म करने और इलेक्टोरल बॉन्ड में भाजपा



की सामने आई असलियत को दबाने की मंशा है। पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में संजय सिंह ने दावा किया कि शराब घोटाले के आरोपी शरथ रेड्डी ने 15 नवंबर, 2022 को भाजपा को पांच करोड़ रुपये दिए। भाजपा जिस शरथ रेड्डी को किंगपिन बताती थी, उसने गिरफ्तारी के बाद भाजपा को 55 करोड़ रुपये की रिश्वत दी। सुप्रीम कोर्ट की वजह से भाजपा का मनी ट्रेल भी सामने आ गया।

## संपादकीय

### न्यायपत्र का पथ

देश चुनावी रंग में नजर आ रहा है। सभी राजनीतिक दल अपने वायदे-इरादे जाहिर कर रहे हैं। यूं तो कांग्रेस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के झंडे तले राजग का विकल्प बनाने की तैयारी में जुटी है लेकिन शुक्रवार को उसने कांग्रेस मुख्यालय में सोनिया गांधी, राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आदि की उपस्थिति में अपना घोषणा पत्र जारी किया। यूं तो घोषणापत्र में वे सभी मुद्दे शामिल हैं, जिनके आधार पर वह पिछले पांच सालों में मोदी सरकार को घेरती रही है। लेकिन पार्टी ने इसे न्याय पत्र का नाम दिया और 25 गारंटियों का जिक्र किया। जिसमें एससी,एसटी और ओबीसी के लिये आरक्षण की निर्धारित सीमा संविधान संशोधन के जरिये बढ़ाने की बात कही है। वहीं देश में किसान आंदोलन की पृष्ठभूमि में न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने का वायदा किया गया। पार्टी ने दावा किया है कि जो हिंदुस्तान चाहता है वह कांग्रेस घोषणा पत्र में दिख जाएगा। इसमें शैक्षणिक संस्थानों व नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को दस फीसदी आरक्षण का भी वायदा है। वहीं केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में तीस लाख नौकरियों के रिक्त पदों को भरने की बात कही गई। साथ ही राजस्थान की तर्ज पर पूरे देश में पच्चीस लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा देने की बात कही गई। जैसे कि पहले भी राहुल गांधी कहते रहे हैं- देश में सामाजिक, आर्थिक और जातिगत सर्वे कराने की बात कही गई है। वहीं हाल में बार-बार सामने आए पेपर लीक मामले में कहा गया है कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन के जरिये कार्रवाई करके पीड़ितों को आर्थिक राहत दी जाएगी। डिजिटल लर्निंग के महत्व को समझते हुए पार्टी ने कक्षा नौ से बारह तक के छात्रों को मोबाइल फोन दिलाने का वायदा किया है। दूसरी ओर 21 साल से कम उम्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को दस हजार रुपये प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि देने की बात कही है। वहीं दूसरी ओर महिलाओं को लुभाने के लिये गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये हर साल व 2025 से केंद्र सरकार की आधी नौकरियां महिलाओं के लिये आरक्षित करने का वायदा भी है। पार्टी ने मनरेगा के तहत मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन करने के साथ ही चार सौ रुपये न्यूनतम राष्ट्रीय वेतन की गारंटी भी दी है। कई मुद्दों पर राजग सरकार के दौरान उठे विवाद के चलते कांग्रेस ने वायदा किया है कि पार्टी की सरकार बनी तो भोजन, पहनावे, प्यार, शादी और भारत के किसी भी हिस्से में यात्रा व निवास की व्यक्तिगत पसंद में हस्तक्षेप नहीं करेगी। साथ ही ऐसे कानूनों को रद्द करेगी। पार्टी ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की वैकेंसियां तीन साल में भरने, अग्निपथ योजना को खत्म करने और शिक्षा नीति में बदलाव लाने की भी बात कही है। पार्टी ने कहा कि यदि हम सत्ता में आए तो पहली से बारहवीं तक निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करेंगे। जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे को बहाल करने के साथ ही पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे। कांग्रेस द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बाद राजस्थान की एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की कि भाजपा जो कहती है, वो जरूर करती है, सिर्फ घोषणापत्र ही जारी नहीं करती। हम संकल्प पत्र लेकर आते हैं। वहीं भाजपा प्रवक्ता ने भी कहा कि महिलाओं के लिये जो लुभावनी और अन्य घोषणाएं की गई हैं, क्या उन्हें कांग्रेस शासित राज्यों में लागू किया गया था? बहरहाल, विगत में भी देखा गया है कि पार्टियां आसमान से तारे जमीन पर लाने की बात जरूर अपने घोषणापत्र में कर देती हैं,लेकिन वित्तीय संसाधन सीमित होने के कारण उनका क्रियान्वयन संभव नहीं हो पाता। यदि करने की कोशिश होती भी है तो आयकरदाता के टैक्स का उपयोग विकास कार्यों के बजाय अनुत्पादक कार्यों में होता है। यह विडंबना ही कि राजनीतिक दल लोगों को स्वावलंबी बनाने तथा स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने के बजाय मुफ्त की रेवड़ियां बांटने को प्राथमिकता देते हैं। जो निश्चित रूप से देश के विकास की दृष्टि प्रगतिशील कदम नहीं कहा जा सकता।

### मच गई है रार !



हो रहा इस्तीफा ।
मच गई है रार ।।
लगता मनमुताबिक ।
ना मिला उपहार ।।
शुरू हो गया सिलसिला ।
ना अब थमने वाला ।।
लौटे शायद कुछ का ।
जल्द ही उजाला ।
शह मात का खेल ये ।
लाएगा बहार ।।
फिर भविष्य धीरे धीरे ।
ले रहा आकार ।।
आ रही वो बेला ।
है जाना मैदान ।।
जानबूझकर घटनाक्रम ।
ना कोई नादान ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# 18 लाख आबादी में 6 लाख मुस्लिम वोटर, फिर भी एक भी मुस्लिम प्रत्याशी नहीं

**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश में प्रथम चरण में पश्चिमी यूपी की मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर भी मतदान होना है। यूपी की एक बेहद खास लोकसभा सीट है मुज्जफरनगर, जहां का मुकाबला साल 2013 में हुए दंगों के बाद से बेहद रोचक और सुर्खियों में रहा है। यहां कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। इस क्षेत्र को जाटलैंड के नाम से भी जाना जाता हैं। बीजेपी के पास इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है. इस सीट से चौधरी चरण सिंह ने अपने जीवन का पहला लोकसभा चुनाव लड़ा था। हालांकि उनको जीत नहीं मिल पाई थी. इस लोकसभा क्षेत्र में जाट और मुस्लिम वोटर्स की बहुलता है। हैरत की बात ये है कि 18 लाख की आबादी में से 6 लाख मुस्लिम वोटर होने के बाद यहां किसी राजनीतिक दल ने मुस्लिम प्रत्याशी नहीं उतारा. इसके अलावा किसी मुस्लिम प्रत्याशी ने निर्दलीय नामांकन भी नहीं किया है।

मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बीजेपी ने एक बार फिर से संजीव बालियान को मैदान में उतारा है। पिछली बार यानी साल 2019 आम चुनाव में बालियान ने मामूली अंतर से जीत हासिल की थी। उधर, इंडिया गठबंधन की तरफ से समाजवादी पार्टी ने हरेंद्र मलिक को उम्मीदवार बनाया है। बहुजन समाज पार्टी ने रियल एस्टेट कारोबारी दारासिंह प्रजापति को टिकट दिया है। साल 2019 आम चुनाव में मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार संजीव बालियान ने आरएलडी मुखिया चौधरी अजीत सिंह को हराया था। बालियान को 5 लाख 73 हजार 780 वोट मिले थे। जबकि चौधरी अजीत सिंह को 5 लाख 67 हजार 254 वोट हासिल हुए थे। संजीव बालियान मुजफ्फरनगर के साथ-साथ मेरठ, शामली व बागपत सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक लोकप्रिय नेता के तौर पर जाने जाते हैं।

बात उम्मीदवारों की सियासी रूख की कि जाये तो बीजेपी प्रत्याशी संजीव बालियान ने राज्य मंत्री के रूप में पब्लिक के बीच रहकर हमेशा उनके दुख और सुख को साझा किया है और अब लोकसभा चुनाव 2024 में भी भाजपा ने संजीव बालियान पर ही विश्वास जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है। बता दें कि इस बार भाजपा के एनडीए गठबंधन में




राष्ट्रीय लोक दल भी शामिल हो गया है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पूर्व राज्यसभा सांसद हरेंद्र मलिक जनपद मुजफ्फरनगर के कद्दावर नेताओं मे गिने जाते हैं। उनके पास विधानसभा और लोकसभा के 9 चुनाव खुद लड़ने और 4 चुनाव अपने बेटे पंकज मलिक को चुनाव लड़ाने का तजुर्बा है। हरेंद्र मलिक खतौली और बागरा विधानसभा से कई बार विधायक बनें जिसके बाद 1996 में किसान कामगार पार्टी जो अब राष्ट्रीय लोकदल के नाम से जानी जाती है, से चुनाव हारे। उसके बाद वर्ष 1998, 1999, 2009 में मुजफ्फरनगर से तो साल 2019 में कैराना लोकसभा सीट से सांसद का चुनाव हारे और फिर 2002 में हरेंद्र मलिक को हरियाणा की इनेलो पार्टी से राज्यसभा सदस्य बनाया गया। अब 2024 में मुजफ्फरनगर लोकसभा से सपा व कांग्रेस के इंडी गठबंधन से फिर चुनाव लड़ने जा रहे हैं। हरेंद्र मलिक अपने बेटे पंकज मलिक को विधायक बनाने में कामयाब रहे। पंकज मलिक एक बार बघरा से तो एक बार शामली से और फिर तीसरी बार चरथावल विधानसभा से विधायक बना। बात बसपा प्रत्याशी की कि जाये तो प्रजापति समाज के नेता और रियल एस्टेट कारोबारी दारा सिंह प्रजापति ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन कर दिया है। उन्होंने नामांकन पत्र के साथ अपनी संपत्ति और परिवारजनों का ब्योरा प्रस्तुत किया है। दारा सिंह प्रजापति की उम्र 55 साल हैं। पत्नी कमलेश, बेटी नेहा प्रजापति और एक बेटा ऋषभ प्रजापति हैं। इनके खिलाफ कमिश्नरी कार्यालय मेरठ में धरने के दौरान भड़काऊ भाषण देने और विकास प्राधिकरण मेरठ की ध्वस्तीकरण कार्यवाही को रोकने संबंधित मामले दर्ज हैं। पिछले दिनों प्रजापति समाज को सामाजिक हक दिलाने के लिए हरिद्वार से गाजियाबाद तक एक स्वाभिमान यात्रा निकाली गयी थी जिसपर गाजियाबाद में लाठीचार्ज हुआ था। इस दौरान ही दारा सिंह चचाओं में आये थे। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर दारा सिंह प्रजापति के नामांकन के बाद मुकाबला त्रिकोणीय बनता नजर आ रहा है। बात एक भी मुस्लिम प्रत्याशी के मैदान में नहीं होने की ही कि जाये तो आश्चर्य होता है कि यह सब तब हुआ है जबकि मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर साल 1967 से अलग-अलग समय में मुस्लिम प्रत्याशी जीतते रहे. इसके पीछे यहां मुस्लिम वोटर की संख्या है. मुजफ्फरनगर की कुल आबादी 18 लाख है। इसमें से 6 लाख मुस्लिम हैं.लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर सपा, बसपा और भाजपा सहित 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें एक भी प्रत्याशी मुस्लिम नहीं है। ये हालात तब हैं। जब 1967 के बाद से मुजफ्फरनगर सीट पर कई मुस्लिम नेता सांसद चुने जा चुके हैं। इनमें लताफत अली खां, मुफ्ती मोहम्मद सईद और कादिर राना सरीखे दिग्गज मुस्लिम नेता शामिल हैं। यूपी की मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट मुस्लिम राजनीति के लिए इतनी मुफीद साबित रही कि साल 1999 से 2014 तक लगातार 15 साल तक यहां मुस्लिम सांसद ही रहे। साल 1999 में कांग्रेस के सईदुज्जमां ने भाजपा के सोहनवीर सिंह को हराया। साल 2004 में सपा के मुनव्वर हसन ने भाजपा के ठाकुर अमरपाल सिंह को हराया। साल 2009 में बसपा के कादिर राना ने रालोद की अनुराधा चौधरी को हराया। यहां पहले लोकसभा की दो सीटें मुजफ्फरनगर और कैराना थी। बाद में कैराना लोकसभा सीट शामली जिले में चली गई। इन दोनों सीटों पर तीन बार दो-दो मुस्लिम नेता चुनाव जीते। पहली बार 1967 में मुजफ्फरनगर से लताफत अली खां और कैराना से गय्यूर अली खां चुनाव जीते। दोनों मामा-भांजे थे। साल 1999 में मुजफ्फरनगर से सईदुज्जमा और कैराना से अमीर आलम खां चुनाव जीते। 2009 में मुजफ्फरनगर से कादिर राना और कैराना से तबस्सुम हसन चुनाव जीतीं।

# अधिक सयाने नेता ना घर के रहे ना घाट के

**रमेश सर्राफ धमोरा**

कहते हैं राजनीति संभावनाओं का खेल है। इसमें कब क्या हो जाए किसी को पता नहीं रहता है। राजनीति में जरा सा चूकने पर खेल ऐसा बिगड़ जाता है कि फिर सुधरे भी नहीं सुधर पाता है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ राजनीतिक दलों व उनके नेताओं के साथ भी कुछ ऐसी घटनाएं घट गई जो ना उनसे निगलते बन रही है ना ही उगलते। बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। मगर समय का चक्र देखिए आज पशुपति पारस के पास ना तो मंत्री पद बचा है ना ही लोकसभा की सीट बच पाई है। चिराग पासवान के एनडीए में वापस आने के चलते सीट शेयरिंग में उन्हें पांच सीट दे दी गई। जबकि उनके विरोधी चाचा पशुपति पारस वाली लोक जनशक्ति पार्टी को एनडीए में एक भी सीट नहीं दी गयी।

इससे नाराज होकर पशुपति पारस लालू यादव नीत महागठबंधन में शामिल होने की घोषणा कर केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू यादव ने पशुपतिनाथ पारस को घास नहीं डाला और उनकी पार्टी को गठबंधन में एक भी सीट नहीं दी। इससे पशुपति पारस की स्थिति बहुत ही हास्यास्पद हो गई। और वह फिर से एनडीए में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुणगान करने लगे हैं। पशुपति पारस के चक्कर में उनके दूसरे भतीजे प्रिंस राज भी इस बार बिना टिकट ही रह गए। उन्हें भी किसी गठबंधन में शामिल नहीं किया गया है।

कहां जा रहा है कि भाजपा द्वारा पशुपति पारस को चिराग पासवान का समर्थन करने के बदले राज्यपाल का पद व प्रिंस राज को बिहार सरकार में मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया था। मगर उन्होंने उस ऑफर को छोड़कर महागठबंधन से सीट लेने के चक्कर में केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा देते हुये एनडीए के खिलाफ बयानबाजी कर दी थी। अब देखते हैं चुनाव के बाद आगे पशुपति पारस व उनके भतीजे प्रिंस राज का फिर से राजनीतिक पुनर्वास होता है या वह राजनीति के बियाबान में खो जाते हैं। इसका पता तो लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद ही लग पाएगा। फिलहाल तो पशुपति पारस ना घर के रहे ना घाट के रहे वाली स्थिति में है।

खुद को सन ऑफ मल्लाह कहलाने वाले विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के साथ भी कुछ ऐसा ही वाकया हुआ है। कभी मुंबई की फिल्में इंडस्ट्री में काम कर पैसे कमाने वाले मुकेश सहनी की फितरत एक जगह टिकने की नहीं रही है। वह बिहार में बड़ी



राजनीति करने का सपना देखते रहते हैं। इसी चक्कर में वह अलग-अलग गठबंधनों में शामिल होकर चुनाव लड़ते रहे हैं। मगर कभी चुनाव नहीं जीत पाए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने बिहार के एनडीए गठबंधन में शामिल होकर 13 सीटों पर अपनी पार्टी को चुनाव लड़वाया था और उनकी पार्टी के चार विधायक जीते थे। उनका स्वयं को भी नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री बनाया गया था। मगर अपनी फितरत के मुताबिक वह अधिक समय तक गठबंधन में नहीं टिक पाए। तब भाजपा ने उनके विधायकों को तोड़ लिया और वह अकेले रह गए। अब उनका विधान परिषद का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। इस बार के लोकसभा चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के एनडीए व लालू प्रसाद यादव के महागठबंधन में शामिल होकर लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रयास किया था। मगर उनके मांग पत्र व सीटों की संख्या देखकर किसी भी गठबंधन ने उनसे तालमेल करना मुनासिब नहीं समझा। दोनों ही गठबंधन उन्हें बातों में उलझाए रखा और अंत में किसी ने भी उनके साथ तालमेल नहीं किया। आज मुकेश सहनी यदि लोकसभा चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें अपने ही दम पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ेगा। पूर्णिया के पूर्व सांसद पप्पू यादव किसी समय बिहार में चर्चित युवा नेता होते थे। कम उम्र में ही कई बार सांसद, विधायक बनने वाले पप्पू यादव की बाहुबली वाली छवि के चलते उन्हें चुनाव जीतने में कोई दिक्कत नहीं होती थी। एक समय उन्होंने शरद यादव जैसे दिग्गज नेता को भी हरा दिया था। मगर अब समय का फेर देखिए आज वही पप्पू यादव एक टिकट के लिए मारे मारे घूम रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू यादव से अपने संबंध सुधारने के लिए उनके आवास पर जाकर हाजिरी भी दे दी थी। फिर उन्होंने अपनी जन अधिकार पार्टी का दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में जाकर कांग्रेस में विलय कर दिया था।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद पप्पू यादव ने पूर्णिया से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू प्रसाद यादव ने पप्पू यादव को माफ नहीं किया था और उसके साथ खेला कर दिया। लालू यादव ने बिहार में सीट बंटवारे के दौरान पूर्णिया की सीट अपनी पार्टी राजद के खाते में रखकर वहां से जदयू की विधायक बीमा भारती को राजद प्रत्याशी घोषित कर दिया। इसके चलते पप्पू यादव का पूर्णिया से कांग्रेस प्रत्याशी नहीं बना पाई। अब पप्पू यादव ने घोषणा की है की जान चली जाएगी तब भी पूर्णिया को नहीं छोड़ेंगे और वह पूर्णिया से ही निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।

पप्पू यादव के बयान पर कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने उनसे कन्नी काटते हुए कहा है कि पप्पू यादव ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय किया है लेकिन खुद पार्टी के सदस्य नहीं बने हैं। ऐसे में वह कहीं से भी चुनाव लड़ने को स्वतंत्र है। कांग्रेस पार्टी को उनसे कोई लेना देना नहीं है। पूर्णिया से टिकट नहीं मिलने के बाद पप्पू यादव की हालात देखते ही बनती है। वह न घर के रहे ना घाट के उल्टे उनके बने बनाये समीकरण और बिगड़ गए हैं। हालांकि पिछले चुनाव में पप्पू यादव ने मधेपुरा से लोकसभा चुनाव लड़ा था। जहां उनकी जमानत जप्त हो गई थी। उन्हें मात्र 97631 यानि 8.51 प्रतिशत वोट ही मिले थे। जबकि 2014 में वह मधेपुरा से चुनाव जीते थे। मधेपुरा में पिछली बार जमानत जब्त होने के चलते पप्पू यादव इस बार पूर्णिया से चुनाव लड़ रहें हैं। पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्यसभा सांसद व पार्टी की राष्ट्रीय सचिव है। पूर्व में वह सहरसा व सुपौल से सांसद भी रह चुकी हैं।

# अन्तर्कलह से जूझ रही समाजवादी पार्टी

**बृजनन्दन राजू**

उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी सपा इन दिनों अन्तर्कलह से जूझ रही है। विधानसभा चुनाव 2017 के मुकाबले 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा की ताकत तो जरूर बढ़ी लेकिन लोकसभा चुनाव आते–आते पार्टी के कई बड़े नेता व विधायक सपा का साथ छोड़ गये। पीडीए को मजबूत करने का दंभ भरने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी सपा से अपना पिंड छुड़ा लिया है। यही नहीं सपा के सहयोगी दल भी जिनमें सुभासपा, अपना दल कमेरावादी व महानदल भी एक-एक कर सपा से सरक गये। रही सही कसर लोकसभा चुनाव से ऐन पहले रालोद ने भाजपा गठबंधन का हिस्सा बनकर पूरी कर दी। ऐसे कठिन दौर में सपा के टिकट वितरण की प्रक्रिया ने आम पार्टी कार्यकर्ताओं को असमंजस में डाल दिया है।

इस बार टिकट अदला बदली के मामले में सपा ने बसपा को भी पीछे छोड़ दिया है। सपा के इतिहास में शायद यह पहला अवसर होगा जब इतने बड़े पैमाने पर सपा ने उम्मीदवारों के नाम घोषित करने के बाद टिकट बदला हो। इसे पार्टी की अंदरूनी कलह कहें यह मजबूरी इसका खामियाजा तो सपा को लोकसभा चुनाव में उठाना ही पड़ेगा। क्योंकि जिसका टिकट घोषित होने के बाद पार्टी ने बदला वह प्रत्याशी भले ही विरोध न करे लेकिन उसके सजातीय वोटर जरूर विरोध में वोट करेंगे। लेकिन सीधी सी यह बात सपा मुखिया अखिलेश यादव को क्यों नहीं समझ में आती। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो अगर सपा ने टिकटों की अदला बदली न की होती और दमदारी से चुनाव लड़ती तो यूपी की दो दर्जन से अधिक सीटों पर सपा सीधे मुकाबले में रहती। बदले परिदृश्य में सपा लड़ाई से बाहर होती दिखाई दे रही है। जिस तरह से सपा ने प्रथम व दूसरे चरण के प्रत्याशियों के टिकट नामांकन के अंतिम समय में काटे हैं उससे तो यही प्रतीत होता है कि बाकी चरणों में भी सपा कई लोकसभाओं के टिकट में फेरबदल अवश्य करेगी। सपा नेतृत्व के इस कदम से प्रदेश की अन्य सीटों के घोषित पार्टी प्रत्याशी संशय में हैं। इस वजह से वह ठीक से चुनाव प्रचार भी नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें चिंता सता रही है कि कहीं अंतिम समय में पार्टी हमारा टिकट न काट दे। इसलिए वह क्षेत्र में जनसम्पर्क न कर लखनऊ का चक्कर लगा रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फिलहाल लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला लगभग कर ही लिया है। वहीं सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव भी पुत्रमोह में स्वयं लोकसभा चुनाव न लड़कर बेटे आदित्य यादव को लोकसभा का चुनाव लड़ाना चाहते हैं। सपा के दोनों प्रमुख नेताओं अखिलेश व शिवपाल यादव के लोकसभा चुनाव न लड़ने से भी कार्यकर्ताओं में गलत संदेश जाना तय है। क्योंकि इससे तो यही संदेश जायेगा कि मोदी लहर में हार की डर की वजह से यह लोग चुनाव लड़ने से कतरा रहे हैं। वहीं कभी सपा के नीति नियंता रहे आजम खाँ व अखिलेश यादव के बीच मनमुटाव भी खुलकर सामने आ गये है। मनमुटाव दूर करने के लिए अखिलेश यादव आजम खां से मिलने सीतापुर जेल जरूर गये लेकिन बात बनी नहीं।

जिस तरह आजम खां के दबाव में एसटी हसन का टिकट काटकर



रूचिवीरा को प्रत्याशी बनाया गया इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि सपा में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। दूसरे चरण का नामांकन पूरा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने धुंआंधार आक्रामक प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। वहीं सपा अभी टिकट वितरण में ही उलझी है। ओमप्रकाश राजभर, स्वामी प्रसाद मौर्य,चन्द्रशेखर आजाद व पल्लवी पटेल ने सपा से किनारा कर लिया है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में जनाधार विहीन हो चुकी कांग्रेस से कितना फायदा होगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा लेकिन लोकसभा चुनाव में सपा के सफा होने के स्पष्ट संकेत अवश्य दिख रहे हैं। क्योंकि 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा व कांग्रेस के गठबंधन को जनता नकार चुकी है। इस बार फिर से वही गठबंधन जनता के सामने है। चुनाव से पहले पस्त हो चुका सपा कांग्रेस का गठबंधन यूपी में भाजपा के विजय रथ को रोक पायेगा ऐसा लगता नहीं है। सपा मुखिया की कार्यसंस्कृति को देखकर यही लगता है कि अखिलेश यादव अभी भी अपने को मुख्यमंत्री से कमतर नहीं आंकते हैं। पार्टी के जमीनी कार्यकताओं व नेताओं से न तो वह फीडबैक बैक लेते हैं और न ही वह उन्हें तवज्जो देते हैं। यही कारण है कि मुलायम सिंह यादव के खासमकास माने जाने वाले नेता आज मजबूरी में सपा को अलविदा कह चुके हैं। पार्टी के उम्रदराज नेताओं से सलाह मशविरा करना भी अखिलेश अपनी तौहीन समझते हैं। एटा, इटावा व मैनपुरी के आसपास के ही जिलों की ही अगर बात करें तो पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह यादव, पूर्व मंत्री अवधपाल यादव,पूर्व सांसद देवेन्द्र सिंह यादव, एमएलसी आशु यादव व पूर्व विधायक शिशुपाल यादव समेत दर्जनभर नेता सपा का हाथ छोड़ चुके हैं। अखिलेश यादव जाति आधारित जनगणना का मुद्दा भी जोर शोर से उठाये लेकिन उस पर वह अडिग नहीं रह पाये। यही हाल पीडीए का भी है। स्वामी प्रसाद मौर्य, पल्लवी पटेल और चन्द्रशेखर ने पीडीए की हवा निकाल दी है। अखिलेश बात पीडीए की करते हैं लेकिन वह पीडीए को संगठित करना तो दूर बल्कि पीडीए की राजनीति करने वाले नेताओं ने भी उनसे दूरी बना ली। सुभासपा और रालोद के राजग का हिस्सा बनने से पहले से मजबूत भाजपा अब और सशक्त हो चुकी है। अयोध्या में सपा ने इस बार पीडीए फामूर्ले के तहत पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद को टिकट दिया। लेकिन पूर्व सांसद मित्रसेन यादव के पुत्र आईपीएस अधिकारी रहे अरविन्द सेन यादव ने सीपीआई के टिकट से मैदान में आकर सपा प्रत्याशी की राह मुश्किल कर दी है। इससे यादव मतों में बिखराव होना तय है। ऐसे में यदि अवधेश प्रसाद का टिकट बदलते हैं तो एससी वोटर सपा से नाराज होंगे ही। कमोबेश यही स्थिति प्रदेश की अन्य कई सीटों की है। पहले चरण के ही सात प्रत्याशियों के टिकट बदले जा चुके हैं। इसमें गौतमबुद्धनगर, मिश्रिख और मेरठ में तो कई बार परिवर्तन किये गये। पहली सूची में ही बदायूं से धर्मेन्द्र यादव को टिकट दिया गया था। गत 20 फरवरी को धर्मेन्द्र यादव के स्थान पर शिवपाल यादव को मैदान में उतार दिया। मुरादाबाद में अंतिम समय में मौजूदा सांसद डा. एसटी हसन को मैदान में उतारा और उन्होंने अपना पर्चा भी दाखिल कर दिया। नामांकन के अंतिम दिन डा. एसटी हसन के बजाय रूचि वीरा को सिंबल दे दिया गया। मेरठ हापुड़ संसदीय क्षेत्र से सपा ने पहले अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया। एक अप्रैल को उनका टिकट बदलकर सरधना से विधायक अतुल प्रधान को टिकट दे दिया। अतुल प्रधान ने जिस दिन नामांकन दाखिल किया उसी दिन रात में उनका टिकट काटे जाने की सूचना आ गयी। इसके बाद पार्टी ने पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को टिकट दे दिया। इसी तरह गौतमबुद्धनगर में पहले डा. महेन्द्र नागर को प्रत्याशी घोषित किया गया। इसके बाद इस सीट पर राहुल अवाना को उम्मीदवार बनोबेया गया। बाद में पुनः डा. महेन्द्र नागर को प्रत्याशी घोषित किया गया। वहीं मिश्रिख में भी पहले रामपाल राजवंशी, फिर उनके बेटे मनोज कुमार राजवंशी और उसके बाद उनकी बहू संगीता राजवंशी को प्रत्याशी बनाया गया। कमोबेश यही स्थिति बागपत में भी आई जहां पहले सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी को उतारा गया।

# काशी विद्यापीठ के प्रबंधशास्त्र अध्ययन संस्थान में हुआ विशेष व्याख्यान



वाराणसी। प्रबंधशास्त्र अध्ययन संस्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में शनिवार को विशेष व्याख्यान माला के अन्तर्गत "Identify Yourself" विषय पर व्याखान हुआ। इसमें प्रो. पी.के. मिश्र, पूर्व कुलपति, ए.के.टी.यू., लखनऊ एवं झारखण्ड टेकनिकल यूनिवर्सिटी राधी एवं वर्तमान में प्रोफेसर केमिकल इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी विभाग, आई.आई.टी., बी.एच.यू. ने कहा कि दुनिया में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे प्राप्त न किया जा सके। अपनी असफलता को छुपाने के लिये किसी भी बहाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि विश्व में बहुत से ऐसे लोग हुए हैं जो शारीरिक रूप से अक्षम होते हुए भी बड़े बड़े कार्य किये है। उदाहरण के रूप में उन्हों ने कई नाम बताये जैसे अरूणिमा सिन्हा, स्टीफेन हॉकिन्स। प्रो. मिश्र ने कहा कि जीवन का हर पल महत्वपूर्ण है और उसे भरपूर जीना चाहिए एवं उसका सदुपयोग करना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कुछ लोग ने बहुत कम आयु में ही दुनिया छोड़ दिया था परन्तु इतने कम समय में ही उन लोगों ने बड़े बड़े काम किये जैसे स्वमी विवेकानन्द जी। उन्होंने छात्रों को स्कील, स्केल, स्पीड (Skill, Scale, Speed) का मन्त्र दिया और कहा कि आप अपने रूचि का कार्य आरम्भ करें, यह मत देखें कि कार्य छोटा है या बडा बस उसे अपने लगन एवं मेहनत से पूरा करें सफलता अवश्य मिलेगी। अतिथि का स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो. अशोक कुमार मिश्र ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम एवं स्मृमि चिन्ह देकर किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अभिषेक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रीना शुक्ला ने किया। इस कार्यक्रम में प्रो. अजीत कुमार शुक्ल (विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग) प्रो. सुधीर कुमार शुक्ल, डॉ. धनंजय विश्वकर्मा, डॉ. आयुष कुमार, विवेक कुमार श्रीवास्तव, डॉ. दिलीप कुमार सिंह, डॉ. चित्रसेन गौतम, सचिन जैसल आदि उपस्थित रहे।


## श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ मना भाजपा का स्थापना दिवस



जखनियां। गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस जखनिया शक्तिकेन्द्र पर मनाया गया। पार्टी कार्यकताओं ने अपने घरों पर पार्टी का झंडा रोहण किया। ऋषि महर्षि डॉक्क श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बूथ की टीम के साथ लाभार्थियों से संपर्क किया। विधानसभा प्रभारी सुनील श्रीवास्तव ने कहा भाजपा अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया, वो मानव एकात्मवाद के सिद्धांत पर चलती रही, जिसका परिणाम है कि आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई। भाजपा ने हमेशा देशहित और राष्ट्रहित के लिए कार्य किया है। कहा राष्ट्र और सनातन की रक्षा के लिए भाजपा कृत संकल्पित है। भारतीय जनता पार्टी एक दल नहीं, एक विचार है, जिसका ध्येय राष्ट्र निर्माण है, जन कल्याण है। मौके पर प्रमोद बर्मा ,धर्मवीर भारद्वाज, पूर्व ग्राम प्रधान अशोक गुप्ता, प्रशांत सिंह लालजी गोड़, राहुल चौरसिया, सुनील सिंह टिंकू, चंदन, नारद गोड़, अजय विक्रम सिंह, अशोक यादव, संजय चौहान साहित प्रमुख लोग उपस्थित रहें।

# हरीश रावत ने थामी बेटे के प्रचार रथ की लगाम, पर दोस्त की चुनावी वैतरणी पार लगाने की भी चिंता





देहरादून। कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भले ही इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, लेकिन हरिद्वार लोस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत का चुनाव उनकी नाक का सवाल बना हुआ है। चुनावी समर में फंसे हरीश रावत के सामने एक दुविधा है। बेटा वीरेंद्र पहली बार चुनावी कुरुक्षेत्र में उतरा है, इसलिए उसे वह अकेला नहीं छोड़ सकते। बेटे के प्रचार रथ की लगाम खुद हरीश रावत ने अपने हाथों में थाम रखी है, मगर चिंता वर्षों पुराने दोस्त प्रदीप टम्टा की चुनावी वैतरणी पार लगाने की भी है। टम्टा भी आस लगाए हुए हैं कि हरीश रावत अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र में उनके प्रचार में उतरे, तो कांग्रेस के पक्ष में कुछ और माहौल बनें। ऐसे में हरीश रावत के सामने एक तरफ बेटा है, तो दूसरी वर्षों की पुरानी दोस्ती। अल्मोड़ा सीट चुनावी रैली के लिए स्टार प्रचारक के रूप में पूर्व सीएम हरीश रावत की मांग है। फिलहाल वे हरिद्वार लोकसभा में ही बेटे वीरेंद्र रावत के प्रचार में फंसे हैं। अभी तक हरीश किसी अन्य लोस सीटों पर चुनावी रैली या रोड शो के लिए नहीं निकल पाए। आरक्षित अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा चुनाव मैदान में है।

**हरीश ने हरिद्वार सीट पर प्रचार में मोर्चा संभाला**– पूर्व सीएम हरीश रावत से उनकी काफी पुरानी दोस्ती है। एक समय था जब अल्मोड़ा सीट पर हरीश रावत का वर्चस्व था। 1980 में इस सीट पर उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव जीत कर संसद में कदम रखा। उस समय अल्मोड़ा सीट अनारक्षित थी। इसके बाद यहां से तीन बार चुनाव जीत कर सांसद चुने गए। 1980 व 1984 के चुनाव में भाजपा के कद्दावर नेता मुरली मनोहर जोशी को पराजित किया।

यही वजह है कि अल्मोड़ा सीट पर चुनाव प्रचार के लिए हरीश की मांग है। उन पर बड़ी जिम्मेदारी हरिद्वार सीट से बेटे वीरेंद्र रावत के प्रचार की है। हरीश के अडिग रहने पर कांग्रेस हाईकमान ने बेटे वीरेंद्र को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा। टिकट की घोषणा के बाद से हरीश ने हरिद्वार सीट पर प्रचार में मोर्चा संभाल रखा है। सुबह से शाम तक चुनावी रैली और जनसंपर्क में लगे हुए हैं।

हरिद्वार सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव ने हरीश को सुखद व दुखद दोनों का साहस कराया है। 2009 में इसी सीट पर चुनाव जीते, लेकिन 2014 के चुनाव में इस सीट पर पत्नी रेणुका रावत शिकस्त मिली। इस बार बेटा चुनाव मैदान में होने से हरिद्वार लोस चुनाव हरीश की साख भी दांव पर है।

## लोकसभा चुनाव २०१४: सलीम शेरवानी से बोले शिवपाल यादव- बदायूं से मैं लड़ूं या बेटा... आप करें सहयोग



बदायूं। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे चुके सलीम शेरवानी को अपने पक्ष में करने के लिए बदायूं से सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह ने बृहस्पतिवार को उनसे फोन पर बात की। उन्होंने शेरवानी से कहा, चुनाव मैं लड़ूं या मेरा बेटा... आप सहयोग करें। शेरवानी ने इस मुद्दे पर ईद के बाद समर्थकों से विचार-विमर्श करने के बाद ही कोई निर्णय लेने की बात कही। टिकट न मिलने से नाराज पूर्व सांसद सलीम इकवाल शेरवानी के सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देने के बाद से ही सियासी समीकरण साधने के लिए शिवपाल सिंह यादव उन्हें मना लेने की बात कह रहे हैं। चूंकि सलीम शेरवानी प्रयागराज में हैं, इसलिए शिवपाल से उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। इस बीच शेरवानी ने राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा भी कर दी। बृहस्पतिवार को सलीम शेरवानी ने अमर उजाला से बातचीत में कहा कि बुधवार को शिवपाल सिंह यादव का फोन आया था। उन्होंने कहा कि वह लड़ें या उनका बेटा लड़े, आप मदद करें। आपने शिवपाल सिंह को क्या आश्वासन दिया के सवाल पर सलीम शेरवानी ने कहा कि वह ईद के बाद कोई फैसला करेंगे। ईद तक बिल्कुल नहीं निकलेंगे। अपने समर्थकों से बातचीत करके ही कोई निर्णय लिया जाएगा। समर्थकों से बातचीत के लिए वह ईद के बाद बदायूं आएंगे। पूर्व सांसद सलीम इकबाल शेरवानी ने कहा कि मैं इस समय रमजान में व्यस्त हूं। ईद के बाद बदायूं आऊंगा। सियासत में अगले कदम के बारे में अपनों से मशविरा करूंगा। तभी तय करूंगा कि सपा का प्रचार करना है या नहीं। सपा ने बदायूं लोकसभा सीट से पहले धर्मेंद्र यादव, फिर उन्हें हटाकर शिवपाल सिंह यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। सियासी हल्कों में चर्चा है कि शिवपाल यहां से अपने बेटे आदित्य को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन में शिवपाल यादव की मौजूदगी में आदित्य के नाम पर प्रस्ताव भी लाया गया। इससे माना जा रहा है कि सपा बदायूं से अपना प्रत्याशी बदल सकती हैं।

## एक बार फिर परिवार पर निर्भर हुई जेडीएस, वंशवादी राजनीति ही बनी पार्टी की सबसे बड़ी कमजोरी

बंगलूरू। देश की राजनीति में वंशवाद के मुद्दे पर खूब बात होती है। कर्नाटक की जनता दल (सेक्युलर) पार्टी भी इसका उदाहरण है, जहां पूरी पार्टी अब एक ही परिवार पर निर्भर होती दिख रही है। कर्नाटक में भाजपा के साथ गठबंधन के तहत जेडीएस तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है और तीन में से दो सीटों पर जेडीएस ने परिवार के सदस्यों को ही मौका दिया है। वहीं देवेगौड़ा के दामाद सीएन मंजूनाथ भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। जेडीएस पार्टी में वंशवाद कितना हावी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि परिवार के नौ सदस्य राजनीति में हैं। पूर्व पीएम देवेगौड़ा जहां खुद राज्यसभा से सांसद हैं। वहीं बेटे कुमारस्वामी चन्नापटना से विधायक हैं। कुमारस्वामी की पत्नी अनिता कर्नाटक की रामनगर सीट से विधायक हैं और बेटे निखिल, जो कि जेडीएस की यूथ विंग के नेता हैं, वह भी साल 2019 में मंड्या सीट से लोकसभा चुनाव और साल 2023 में विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन दोनों बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा।



देवेगौड़ा के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना होलेनरसीपुरा सीट से विधायक हैं। उनकी पत्नी भवानी हासन जिला पंचायत की सदस्य हैं और बेटे प्रज्जवल पिछला लोकसभा चुनाव लड़कर हार चुके हैं। अब एक बार फिर से आम चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। रेवन्ना के दूसरे बेटे सूरज भी एमएलसी हैं। इस तरह देवेगौड़ा परिवार का राज्यसभा, लोकसभा, विधानसभा और विधान परिषद समेत चारों सदनों का सदस्य है। पिछले लोकसभा चुनाव में भी देवेगौड़ा परिवार के तीन सदस्यों ने लोकसभा चुनाव लड़ा था और इस बार फिर से परिवार के तीन सदस्य लोकसभा चुनाव मैदान में हैं। कर्नाटक के ओल्ड मैसूर इलाके को जेडीएस का गढ़ माना जाता है क्योंकि यहां पर वोक्कालिगा समुदाय का बहुमत है और देवेगौड़ा परिवार भी इस समुदाय से संबंधित है। यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के प्रोफेसर जेम्स मेनर कर्नाटक की राजनीति पर करीब से नजर रखते हैं। बीते साल विधानसभा चुनाव के दौरान एक वेबिनार में उन्होंने कहा कि परिवार आधारित राजनीति ही जेडीएस को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रही है। इसकी वजह से पार्टी केंद्रीकृत और तानाशाही नेतृत्व की तरफ जा रही है। जेडीएस का प्रभाव पुराने मैसूर के वोक्कालिगा समुदाय और उत्तरी कर्नाटक के कुछ क्षेत्रों तक सीमित है। विरोधी भी पार्टी पर वंशवाद को बढ़ावा देने के आरोप लगाते हैं। हालांकि जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी वंशवाद के आरोपों से इनकार करते हैं और उनका कहन है कि जब हमारे पास सक्षम उम्मीदवार नहीं होते हैं, तभी हमारे परिवार के सदस्य चुनाव लड़ते हैं ताकि हमारी पार्टी के हित सुरक्षित रहें। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी परिवार के सदस्यों को ही चुनाव लड़ाने के लिए जेडीएस पर निशाना साधा और कहा कि 'क्या उनके पास दूसरे उम्मीदवार नहीं हैं...इनमें से कोई भी नहीं जीत सकेगा। पार्टी अपनी ताकत खो चुकी है और अगर सच में उनका प्रभाव है तो उन्होंने दामाद को भाजपा के टिकट पर क्यों चुनाव लड़ाया है?' कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस का लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन है। गठबंधन के तहत जेडीएस को तीन लोकसभा सीटें मिली हैं। वहीं भाजपा 25 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जेडीएस को मंड्या, हासन और कोलार सीटें मिली हैं। मंड्या से एचडी कुमारस्वामी, हासन से प्रज्जवल रेवन्ना और कोलार से एम महेश बाबू चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं देवेगौड़ा के दामाद और मशहूर हृदय रोग विशेषज्ञ सीएन मंजूनाथ भाजपा के टिकट पर बंगलूरू ग्रामीण सीट से चुनाव मैदान में हैं। सीएन मंजूनाथ का डीके शिवुकमार के भाई डीके सुरेश से सामना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरों ने दिया घटना को अंजाम जांच में जुटी पुलिस

जखनिया। गाजीपुर। भुड़कुड़ा कोतवाली अंतर्गत तालगांव अठ्इसिया में चोरों ने देर रात प्रमोद यादव के घर के पीछे से दीवाल की ईट निकालकर अंदर घर में रखे बॉक्स सहित आभूषण में सीकड़ी , कनफूल, पायल कपड़ा व हजारों की नगदी चोरी कर ली । बाक्स को घर से कुछ दूरी पर तोड़कर फेंक दिए थे। सुबह जानकारी होने पर लोगों के पैरों तले जमीन खिसक गई। जानकारी के अनुसार प्रमोद व उनकी पत्नी लालसा देवी घर के बाहर आवासीय मड़ई में सोए थे , घर सुनसान पडा था । चोरों ने सुनसान घर पाकर घटना को अंजाम दिया । चोरी की जानकारी सुबह होने पर इसकी सूचना भुड़कुड़ा थाने पर दी। मौके पर पुलिस पहुंच कर जांच में जुटी है।

### आग लगने से 20 एकड़ गेहूं जलकर राख

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज। जनपद महाराजगंज थाना क्षेत्र परसा मलिक ग्राम पंचायत झिंगटी टोला मुजहना में आग लगने से 20 एकड़ गेहूं जलकर राख हो गया।आग को बुझाने के लिए गांव के लोगों ने आनन फानन में पंपिंग सेट मशीन को चालू कर आग बुझाने का प्रयास किया गया । सैकड़ों किसान मिलकर आज को बुझाने में कामयाब हुए फसल में आग लगने की सूचना पर दमकल की गाडी पहुंची।वहां मौजूद किसानों का कहना है कि चार लोग गांजा पीने के लिए वहां पर बैठे थे पीने के बाद वह लोग गेहूं में आग लगा दिए जिससे 20 एकड़ गेहूं जलकर राख हो गई किसान बहुत परेशान हुए जो भी खाने का था जलकर राख हो गया आग बुझाने के लिए पुलिस प्रशासन भी पहुंचा।वह लोग भी आग बुझा रहे थे पुलिस भी मौजूद थी तब जाकर के आग को काबू में किया गया नहीं तो और फसल बर्बाद हो जाती किसानों का गेहूं जलकर राख हुआ जिसमें फसल मलिक का ज्यादा गेहूं जलकर राख हुआ। किसानों का कहना है किसानों का कहना है कि गांजा पीने वालों पर प्रशासन सख्त से सख्त कार्रवाई की करें।

### लॉर्ड कृष्णा प्रबंधक के हाथों प्रगति रिपोर्ट पाकर बच्चों के खिले चेहरे

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज। बृजमनगंज स्थित लॉर्ड कृष्णा इंटर कॉलेज में शुक्रवार को शिक्षक अभिभावक सम्मेलन एवं अंक पत्र वितरण का आयोजन किया गया जिसमे सभी कक्षा के छात्रों को वार्षिक परीक्षा के अंक पत्रों के साथ साथ 1st,2nd और 3rd स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया! सम्मेलन में उपस्थित अभिभावकों ने अपने बच्चो की प्रगति रिपोर्ट देखी एवं इंटर कॉलेज में अपने सुझाव भी दिए इंटर कॉलेज के प्रबंधक श्री कमलेश पांडे जी ने कहा कि हमारा उद्देश्य स्वास्थ्य एवं शिक्षित समाज का निर्माण करना है उन्होंने यह भी कहा कि अभिभावक और शिक्षक के मध्य पारस्परिक समन्वय बेहद जरूरी है शिक्षक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को हर पहलू में प्रखर बनाने में निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं सम्मेलन में उपस्थित इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य रत्नेश पांडेय, मुकेश यादव, सिद्धेश्वर चौरसिया, यूनुस खान, पिंटू, रामप्रसाद, नीलाक्षी, रोशनी सहित अन्य मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से छप्पर के मकान में लगी आग हजारों का नुकसान

प्रखर गोरखपुर। हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुदहट निवासी रविन्द्र नाथ शुक्ला के छप्पर के मकान में शुक्रवार को दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लगने से छप्पर में रखा सभी घरेलू सामान जलकर खाक हो गया, ग्रामीणों की मदद से दमकल पहुंचने के पहले आग पर काबू पा लिया गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में सहयोग किए। नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने बताया कि लेखपाल भेजकर आग से हुई क्षति का ब्यौरा मंगा कर अहेतुक सहायता राशि दिलाई जाएगी।

### वाराणसी में पहली बार हुआ बिगेस्ट ब्यूटी एक्सपो का दो दिवसीय आयोजन




प्रखर वाराणसी। दिल्ली मुंबई जैसे मेट्रो शहरों में होने वाले ब्यूटी एक्सपो का आयोजन वाराणसी में पहली बार ट्रेड फैसेलिटीज सेंटर बड़ा लालपुर में आयोजित हुआ जिसमें दर्जनों से अधिक मेकअप आर्टिस्ट ने हिस्सा लिया मेकअप आर्टिस्ट की मुख्य केंद्र बिंदु मिस शिवांगी एवं मिस वंदना शुक्ला रही मिस वंदना द्वारा किए गए मेकप परफॉर्मेंस इतना ज्यादा लोगों द्वारा पसंद किया गया कि कार्यक्रम के समापन होते ही लोगों में उनके साथ सेल्फी लेने की भीड़ उमड़ पड़ी सेल्फी लेते समय राघवेंद्र नामक व्यक्ति का पैर सीढियों से फीसल गया जिसके कारण उसके पैर में हल्की चोट भी आ गई। सेल्फी लेने के बाद सबके चेहरे पर खुशी की लहर दिख रही थी बाद में मिस वंदना द्वारा बताया गया कि अब प्रत्येक वर्ष ऐसे ही ब्यूटी एक्सपो का आयोजन आपके वाराणसी शहर में किया जाएगा।

### छिंदवाड़ा सीट- एक उपचुनाव को छोड़ 73 वर्षों से कांग्रेस और 44 सालों से कमलनाथ के कब्जे में

मध्य प्रदेश। मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा लोकसभा सीट, एक उपचुनाव को छोड़ कर पिछले 73 वर्षों से कांग्रेस के कब्जे में है। इसमें से भी करीब 44 सालों से यह सीट कमलनाथ व उनके परिवार के कब्जे में है। इस पर जीत हासिल करने के लिए भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस बार ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है। प्रदेश में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चुनाव सिर्फ छिंदवाड़ा में ही हो रहा है। भाजपा के अध्यक्ष जे.पी. नडडा भी छिंदवाड़ा दौरे पर जाने वाले हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय लगातार छिंदवाड़ा के दौरे पर कार्यकताओं से मिलकर चुनावी रणनीति में व्यस्त रहते हैं। छिंदवाड़ा से कांग्रेस के उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ के वर्तमान सांसद पुत्र नकुल नाथ हैं तो भाजपा से विवेक बंटी साहू चुनाव मैदान में हैं। छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में सात विधानसभा क्षेत्र आते हैं। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव 2023 में छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र की सातों सीटों पर कांग्रेस ने कब्जा किया था। यदि इन सातों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों के जीत के अंतर को देखें तो सभी सीटों पर कांग्रेस ने 97 हजार 646 मतों की बढ़त प्राप्त की थी। ऐसे में लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए पहला काम इस लीड को पूर्ण करना और विजय की राह बनाना है। छिंदवाड़ा कांग्रेस का अभेद किला है, जो पिछले 73 वर्षों से कांग्रेस की झोली में है। मात्र एक वर्ष 1997 में यह संसदीय सीट भाजपा के पास रही। छिंदवाड़ा सीट पर कांग्रेस का कुल 73 वर्षों से और पिछले 26 वर्षों से तो लगातार कब्जा है। 1997 में पटवा ने कमलनाथ को हराया था- 1997 में प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा ने कमलनाथ को उपचुनाव में पराजित कर कांग्रेस का यह किला भेदा था।

## संक्षिप्त खबरें

### अर्जेंटीना के राष्ट्रपति आवास में घुसपैठ की कोशिश

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स के कासा रोसाडा राष्ट्रपति महल में घुसपैठ करने की कोशिश और राष्ट्रपति जेवियर माइली पर छुरी और अन्य नुकीली वस्तुओं से हमला करने की कोशिश के आरोप में अर्जेंटीना की पुलिस ने एक वयक्ति को गरिफ्तार किया है। यह जानकारी सुरक्षा मंत्री पेट्रीसिया बुलरिच ने दी। बुलरिच ने गुरुवार को एक्स पर कहा कि वह एक माचे और अन्य तेज धार की वस्तुओं के साथ कासा रोसाडा पहुंचने की कोशिश कर रहा था और पीएफए (अर्जेंटीना संघीय पुलिस) अधिकारी यानिना वायलेंट ने उसे रोक दिया।

### चोरों ने तिजोरी से 30 मिलियन डॉलर उड़ाए

**लॉस एंजिल्स।** चोरों ने तिजोरी में रखे 30 मिलियन डॉलर पर हाथ साफ कर दिया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पुलिस और संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) मामले की जांच कर रहे हैं। सूत्रों ने स्थानीय केएबीसी टेलीविजन स्टेशन को बताया कि चोरी ईस्टर के दिन रविवार को सैन फर्नांडो घाटी के उपनगरीय इलाके सिलमार में गार्डावर्ल्ड में हुई । रिपोर्ट में कहा गया है कि सोमवार सुबह मामले की जानकारी हुई। प्रमुख स्थानीय समाचार पत्र, लॉस एंजिल्स टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह शहर में नकदी चोरी के मामले में अब तक कि सबसे बड़ी चोरियों में से एक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यहां पूरे इलाके के व्यवसायियों से नकदी को इकट्ठा कर रखा जाता था। चोरों को इसके बारे में पूरी जानकारी थी। समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, लॉस एंजिल्स में इससे पहले सबसे बड़ी नकदी की लूट 12 सितंबर 1997 को हुई थी। इस दौरान आरोपियों ने 18.9 मिलियन लूट लिए थे।

### मिनीबस व ट्रैक्टर-ट्रेलर में टक्कर, 14 की मौत

**सुक्रे।** बोलीविया को ओरुरो और पोटोसी से जोड़ने वाले राजमार्ग पर मिनीबस और ट्रैक्टर-ट्रेलर के बीच टक्कर से 14 लोगों की मौत हो गई। ओरुरो के परिवहन और सड़क सुरक्षा निदेशक जूलियो लारिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना ओरुरो और पोटोसी के बीच सीमा निकास पर स्थित विचुलोमा शहर में गुरुवार को उस समय हुई जब पोटोसी से नमक ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्रेलर का चालक नियंत्रण खो बैठा और एक बस को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि मिनीबस और ट्रेलर में सवार दो लोग बुरी तरह घायल हुए है। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### रूस में गवर्नर पर चाकू से हमला

**मरमंस्क।** रूस के मरमंस्क क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई चिबिस पर एपेटिटी शहर में चाकू से हमला किया। घायल चिबिस को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्पूतनिक ने चिबिस के प्रेस कार्यालय के हवाले से यह जानकारी दी। चबिस के कार्यालय के अनुसार गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिष्ठान से बाहर निकलने समय एक व्यक्ति दौड़कर उनके पास आया और चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद गवर्नर चिबिस को किरोव्स्क के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से उन्हें एपेटिटी से ले जाया गया था, उनकी सर्जरी की जा रही है। हमलावर को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। रोसग्वार्डिया के प्रेस कार्यालय ने बाद में पुष्टि की कि रोसग्वार्डिया की विशेष प्रयोजन मोबाइल इकाई (ओएमओएन) के अधिकारियों ने सर्विस रिवॉल्वर से हमलावर पर गोली चलाई और उसे घायल कर दिया।

### बाल यौन शोषण में भारतीय गिरफ्तार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय नागरिक को मैरीलैड राज्य में नाबालिग से यौन अपराध का दोषी ठहराए जाने के बाद पुलिस ने फिर से गिरफ्तार कर लिया है। अमेरिकी आव्रजक एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन (सीबीपी) ने बताया कि 32 वर्षीय व्यक्ति को एलिकॉट सिटी में उसके आवास के पास से 20 मार्च को गिरफ्तार किया गया। उसे बाल्टीमोर के 'एनफोर्समेंट एंड रिमूवल ऑपरेशंस (ईआरओ)' ने गिरफ्तार किया था। बाल्टीमोर के आईसीई प्रवर्तन और निष्कासन संचालन के कार्यवाहक क्षेत्र कार्यालय निदेशक मैथ्यू एलिस्टन ने कहा, हमारे क्षेत्र में ऐसे अपराधी की मौजूदगी से हमारे बच्चों को खतरा है...।" उन्होंने कहा, हम किसी गैर नागरिक और यौन अपराधी को हमारे क्षेत्र में खुलेआम घूमने की आजादी नहीं देंगे।

# आतंकियों के खात्मे में भारत की भूमिका : गार्जियन

ब्रिटिश अखबार के दावे से पाकिस्तान में खलबली

झूठा और दुर्भावनापूर्ण भारत विरोधी प्रचार : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** ब्रिटिश अखबार 'द गार्जियन' द्वारा किए गए दावे के बाद से ही पाकिस्तान में खलबली मच गई है। दरअसल, इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय खुफिया एजेंसी के द्वारा पाकिस्तान सहित दुनिया के तमाम देशों में जो भारत के दुश्मन रह रहे हैं, या जो भारत के खिलाफ षड़यंत्र रच रहे हैं, उन्हें एक-एक कर भारतीय खुफिया एजेंसियों के द्वारा खत्म किया जा रहा है। इस रिपोर्ट में हालांकि लोग कई तरह की खामियों को स्पष्ट तौर पर उजागर कर रहे हैं।

भारत के विदेश मंत्रालय की तरफ से भी इस रिपोर्ट को एक एजेंडा करार दिया जा रहा है। विदेश मंत्रालय इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर रहा है। ऐसे में अखबार के इस दावे को भारत सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है और इसे 'झूठा और दुर्भावनापूर्ण भारत विरोधी प्रचार' बताया है। वहीं, पाकिस्तान के द्वारा इस रिपोर्ट के दावों पर मची खलबली को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं कि कहीं ये हत्याएं संभवतः पाकिस्तान द्वारा तो नहीं कराई गई थी। वहीं, दूसरी तरफ भारत का सियासी नेतृत्व इस बात को कहता रहा है कि अब वह पहले वाला भारत नहीं है, जो अपनी पीठ पर घोंपे गए छुरे को बर्दाश्त करेगा। वह अपने यहां हुए किसी भी आतंकी घटना का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है और आगे भी देगा। सरकार के शीर्ष सियासी नेता कई मंचों से पीओके में घुसकर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयर स्ट्राइक का जिक्र करते हुए दावा करते रहे हैं कि अब भारत घर में घुसकर मारता भी है। अखबार की रिपोर्ट की मानें तो 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक साहसी कदम उठाया। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2020 से अब तक भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने वाले 20 आतंकियों की हत्या अज्ञात हमलावरों के द्वारा की गई है। पाकिस्तान अब तक जो दावा कर रहा है, वह अखबार की रिपोर्ट में भी दिख रहा है। जिसे देखकर वह गदगद है और पाकिस्तानी मीडिया को भारत को घेरने का मौका मिल गया है। पाकिस्तान की जियो न्यूज ने इस रिपोर्ट पर कहा कि यह पाकिस्तान के दावों को और अधिक बल देती है। इस रिपोर्ट को आधार बनाकर जियो न्यूज की तरफ से कहा जा रहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने पाकिस्तान की धरती पर हत्याओं के आदेश दिए। वह अपनी रिपोर्ट में रॉ को कुख्यात एजेंसी बता रही है। जियो न्यूज ने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान के अलावा खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ भी भारत की एजेंसियां हत्याओं की कार्रवाई को अंजाम दे रही हैं।

अखबार की इस रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि भारत आतंकी हमला होने से पहले से ही आतंकियों को मार रहा था। लेकिन, अब इस रिपोर्ट पर भी सवाल उठने लगे हैं। दरअसल, इस रिपोर्ट में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू को मरा हुआ लिखा गया है, जो गलत है। इस लेख में पहले आतंकी रियाज अहमद की फोटो गलत लगाई गई थी। विदेशी जमीन पर भारत के द्वारा इस तरह के ऑपरेशन चलाए जाने का यह पहला आरोप नहीं है, यह तीसरी बार है जब भारत पर ऐसा आरोप लगा है। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सबसे पहले दावा किया था कि खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ था। इसके बाद अमेरिका ने भी दावा कर दिया कि खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की विफल कोशिश भारत ने की। दोनों ही बार भारत के विदेश मंत्रालय की तरफ से इन आरोपों का करारा जवाब दिया गया और इस बार भी विदेश मंत्रालय ने अखबार के द्वारा जारी रिपोर्ट और दावे पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे सिरे से खारिज कर दिया है।

# ब्रिटेन में भारतीय छात्रों ने शुरू किया 'फेयर वीजा-फेयर चांस' अभियान

'ग्रैजुएट रूट' वीजा के तहत अंतरराष्ट्रीय स्नातकों को डिग्री के बाद दो साल काम करने का मौका

**लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन में भारतीय छात्रों के प्रमुख संगठन ने 'ग्रैजुएट रूट' वीजा के पक्ष में 'फेयर वीजा, फेयर चांस' नामक अभियान शुरू किया है। 'ग्रैजुएट रूट' वीजा अंतरराष्ट्रीय स्नातकों को उनकी डिग्री के बाद दो साल के लिए ब्रिटेन में रहने और कार्य अनुभव प्राप्त करने का मौका देता है। इसकी शुरुआत तीन वर्ष पूर्व की गई थी। यह तब से ही भारतीय छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय है।

ब्रिटेन में स्वतंत्र विस्थापन सलाहकार समिति (एमसीए) में गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने 'ग्रैजुएट रूट' वीजा की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है। समिति का काम यह सुनिश्चित करना था कि वीजा अपना उद्देश्य को पूरा करता है या नहीं, जिसके लिए इसे बनाया गया है। माना जा रहा है कि समिति अगले माह तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। 'नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनी यूनियन' (एनआईएसएयू) ने ही इस वीजा के लिए अभियान चलाया था, उसे डर है कि इस वीजा अवधि को कम किया जा सकता है। ऑल पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप (एपीपीजी) के सह-अध्यक्ष लॉर्ड करन बिलिमोरिया ने कहा, स्नातकोत्तर के बाद दो साल तक काम करने से अंतरराष्ट्रीय छात्रों को मौका मिलता है कि वे अपनी पढ़ाई का खर्च निकाल सकें, कुछ छात्रों को बेहतरीन कार्य अनुभव प्राप्त करने आदि में मदद मिलती है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 'ग्रैजुएट रूट' को कम किया गया, तो यह ब्रिटेन के लिए अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय छात्र ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में 42 अरब जीबीपी का योगदान करते है। ब्रिटेन के गृह कार्यालय के अनुसार, 213,250 छात्रों को 'ग्रैजुएट रूट' के जरिए वीजा दिया गया है और इसमें भारतीय छात्रों की संख्या काफी अधिक है।

# बुशरा बीबी को जहर दिए जाने का कोई सबूत नहीं

पीटीआई नेता इमरान खान के कोर्ट में मुद्दा उठाने के बाद निजी चिकित्सक ने की जांच

**इस्लामाबाद(भाषा)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी के निजी चिकित्सक ने जांच के बाद कहा है कि बुशरा बीबी को जहरीला पदार्थ नहीं दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री खान द्वारा उनके निजी आवास में कैद में रखे जाने के दौरान बुशरा बीबी को जहर दिए जाने के आरोप लगाने के बाद उनके चिकित्सक का यह बयान आया है।

पीटीआई नेता इमरान खान ने दो अप्रैल को अडियाला जेल में तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश नासिर जावेद राणा से कहा था कि उनकी पत्नी को जहर देने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा था कि जहर के नकारात्मक प्रभाव के कारण बुशरा बीबी की त्वचा और जीभ पर निशान हो गए थे। खान (71) ने किसी का नाम लिए बिना कहा था, मैं जानता हूं कि इसके पीछे किसका हाथ है। उन्होंने कहा था कि अगर 49 साल की बुशरा को कोई नुकसान पहुंचता है, तो पाकिस्तानी सेना प्रमुख (जनरल असीम मुनीर) को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि एक खुफिया एजेंसी के सदस्य इस्लामाबाद में उनके आवास और रावलपिंडी में अडियाला जेल में सब कुछ नियंत्रित कर रहे है। डॉ. असीम यूसुफ ने कहा, इस समय, बुशरा बीबी को जहर दिए जाने का कोई सबूत नहीं है। हम बुशरा बीबी को कोई जहरीला पदार्थ दिए जाने का पता लगाने के लिए कोई चिकित्सीय परीक्षण नहीं कर रहे है, क्योंकि ऐसे कोई लक्षण सामने नहीं आए है।

# सीरिया : उग्रवादी समूह नुसरा फ्रंट के सह-संस्थापक की मौत

**इदलिब (एपी)।** उत्तर-पश्चिमी सीरिया में बृहस्पतिवार देर रात आत्मघाती हमले में आतंकवादी संगठन अल-कायदा से जुड़े समूह के सीरियाई सह-संस्थापक की मौत हो गई। युद्ध निगरानी संगठन के अनुसार बम विस्फोट में अबू मारिया अल-कहतानी की मौत हो गई। अबू मारिया अल-कहतानी का असली नाम मयसारा अल-दुबौरी था। अल-कहतानी सीरिया में नुसरा फ्रंट का सह-संस्थापक था, जो एक आतंकवादी समूह है । समूह ने बाद में अपना नाम हयात तहरीर अल-शाम रख लिया और दावा किया कि उसने अलकायदा के साथ संबंध तोड़ दिए है। ब्रिटेन के 'ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' के अनुसार, हमलावर देर शाम इदलिब प्रांत के सरमादा शहर में अल-कहतानी के गेस्टहाउस में घुस गया और अपने विस्फोटकों से विस्फोट कर दिया।

# गाजा सीमा खोलने पर राजी हुआ इस्राइल

अमेरिका के राष्ट्रपति के कठोर रुख के बाद इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने की योजनाओं की घोषणा

**यरुशलम (एपी)।** गाजा में हमास के खिलाफ जारी इस्राइल के हमलों पर अमेरिकी राष्ट्रपति के कठोर रूख अपनान के बाद इस्राइल ने अपना रुख नरम कर लिया है। शुक्रवार को इस्राइल ने गाजा पट्टी में एक और सीमा खोले जाने की समेत कई राहत योजनाओं की घोषणा की। इस्राइल ने कहा, मानवीय सहायता के प्रवाह को बढ़ाने के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने यह घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा उन्हें यह कहे जाने के कुछ घंटे बाद की कि गाजा में युद्ध के लिए भविष्य का अमेरिकी समर्थन नागरिकों और सहायता कर्मियों की सुरक्षा के लिए इस्राइल की ओर से और अधिक कदम उठाए जाने पर निर्भर करेगा। इस्राइल ने घोषणा में यह नहीं बताया गया कि किन वस्तुओं को आने दिया जाएगा और किस मात्रा में आने दिया जाएगा। मतभेदों के बावजूद, बाइडन प्रशासन ने हमास के खिलाफ इस्राइल के युद्ध के लिए महत्वपूर्ण सैन्य सहायता और राजनयिक समर्थन प्रदान करना जारी रखा है। गाजा में भोजन पहुंचाने में मदद करने वाले सात सहायता कर्मियों के मारे जाने के बाद इस्राइल अंतरराष्ट्रीय अलगाव का सामना करना पड़ रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बृहस्पतिवार को फिलिस्तीन में मरने वालों की संख्या 33,000 से अधिक हो गई, जबकि 75,600 अन्य घायल हुए है।

**सात सहायता कर्मियों की मौत मामले में दो अधिकारी बर्खास्त :** गाजा में ड्रोन हमलों में भूमिका के लिए इस्राइल में दो अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया और तीन अन्य अधिकारियों को चेतावनी दी गई है। इस्राइल की सेना ने शुक्रवार को का यह जानकारी दी। गाजा में इन इस्राइली हमलों में खाद्य सामग्री पहुंचाने के अभियान में शामिल सात सहायता कर्मियों की मौत हो गई थी। सेना ने कहा कि इन अधिकारियों ने गोपनीय जानकारी का दुरुपयोग किया और सेना के नियमों का उल्लंघन किया था। फिलिस्तीनियों, सहायता समूहों और मानवाधिकार संगठन इस्राइली बलों पर कई बार नागरिकों पर लापरवाही से गोलीबारी करने का आरोप लगा चुके हैं। हालांकि इस्राइल इस तरह के आरोप से इनकार करता रहा है। सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा, यह एक त्रासदी है।

यह एक गंभीर घटना है जिसके लिए हम जिम्मेदार है और ऐसा नहीं होना चाहिए था और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा न हो। सेना के अधिकारियों ने कहा कि इस्राइली सेना के नियमों के अनुसार, लक्ष्य पर हमला करने से पहले उसकी खतरे के रूप में पहचान की जानी चाहिए। सेना ने कहा कि कर्नल और मेजर को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि तीन अन्य अधिकारियों को चेतावनी दी गई है। इसने कहा कि जांच के नतीजे सेना के 'एडवोकेट जनरल' को सौंप दिए गए है, जो यह तय करेंगे कि हत्याओं में शामिल अधिकारियों या किसी अन्य को सजा मिलनी चाहिए या मुकदमा चलाया जाना चाहिए। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि 'वर्ल्ड सेंट्रल किचन' के कर्मचारियों की मौत को लेकर इस मामले में अब की गई कार्रवाई से अंतरराष्ट्रीय आक्रोश शांत होगा या नहीं। 'वर्ल्ड सेंट्रल किचन' एक गैर-लाभकारी और गैर-सरकारी संगठन है जो भोजन सामग्री प्रदान करता है। इस संगठन ने कहा,'वह इजराइल की जांच को एक महत्वपूर्ण कदम मानता है लेकिन इसमें प्रणालीगत बदलाव की जरूरत है।

## नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होने पर ही समर्थन : बाइडन

**वॉशिंगटन(आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि गाजा में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने पर ही अमेरिका इस्राइल का समर्थन जारी रखेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने वहां सामान्य स्थिति के लिए तत्काल युद्धविराम का भी आह्वान किया। स्पेनिश अमेरिकी शेफ और रेस्तरां मालिक जोस एंड्रेस के वर्ल्ड सेंट्रल किचन के छह सहायता कर्मियों की इस्राइली हमले में मौत से दुनिया भर में बढ़ते आक्रोश के बीच दोनों नेताओं ने फोन पर बात की। बातचीत के दौरान राष्ट्रपति बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि मानवीय कार्यकर्ताओं पर हमले को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने नागरिकों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए ठोस उपाय करने की बात कही। अमेरिकी नेता ने यह भी कहा कि निर्दोष नागरिकों की रक्षा के लिए गाजा में तत्काल युद्धविराम आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री से नेतन्याहू से बंधकों को तत्काल मुक्त कराने के लिए बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए भी कहा। गौरतलब है कि हाल के दिनों में अमेरिका और इस्राइल के बीच संबंधों में गिरावट आई है, क्योंकि नेतन्याहू ने युद्ध के बारे में अमेरिका की चिंताओं की नजरअंदाज कर दिया है। इस्राइल पर लगाम लगाने के लिए बाइडन को घरेलू स्तर पर दबाव का सामना करना पड़ रहा है। चुनावी वर्ष में इसकी अनदेखी करना उनके लिए राजनीतिक दृष्टि से जोखिम भरा हो सकता है। 30 मिनट की बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस्राइल के राष्ट्रपति नेतन्याहू से गाजा में युद्ध रोकने और नागिरकों की रक्षा सुनिश्चित करने को कहा।



अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को दी चेतावनी

# तेहरान में इस्राइली हवाई हमले के खिलाफ प्रदर्शन



**तेहरान(एपी)।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक हवाई हमले में मारे गए 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के सात सदस्यों के समर्थन में शुक्रवार को हजारों की संख्या में जुटे लोगों ने इस्राइल और अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन किया और नारे लगाए। हमले के लिए इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। हमले में ईरान का वाणिज्य दूतावास नष्ट हो गया था। अधिकारियों के अनुसार, तेहरान के साथ-साथ ईरान के अन्य शहरों में भी विरोध-प्रदर्शन हुए, जिसके बाद ईरान द्वारा जवाबी कार्रवाई किये जाने की आशंका भी बढ़ गई है। अधिकारियों के अनुसार सोमवार को हुए इस हमले में चार सीरियाई नागरिकों और लेबनानी चरमपंथी हिजबुल्लाह समूह के एक सदस्य सहित 12 लोगों की मौत हुई थी। ईरान की राजधानी तेहरान में प्रदर्शनकारी तेहरान विश्वविद्यालय की ओर बढ़े, जहां रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर जनरल हुसैन सलामी ने लोगों को संबोधित किया। सलामी ने कहा कि इस्राइली हमले का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

## हमले में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी

**तेहरान (एपी)।** ईरान के सैन्य बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के कमांडर ने शुक्रवार को सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हवाई हमले में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की को चेतावनी दी। इस हमले में ईरान के दो जनरल समेत समूह के सात सदस्यों की मौत हो गई थी। हमले के लिए इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। हमले में ईरान का वाणिज्य दूतावास नष्ट हो गया था। सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक हवाई हमले में मारे गए 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के सात सदस्यों के समर्थन में यहां हजारों की संख्या में जुटे लोगों ने इस्राइल और अमेरिका विरोधी नारे लगाए। ईरान की राजधानी तेहरान में प्रदर्शनकारी तेहरान विश्वविद्यालय की ओर बढ़े, जहां रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर जनरल हुसैन सलामी ने लोगों को संबोधित किया। सलामी ने कहा कि इस्राइल द्वारा किए गए हर हमले का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

## इस्राइल-ईरान के बीच युद्ध की आशंका से अमेरिका चिंतित

**वॉशिंगटन (वार्ता)।** अमेरिका ने दमिश्क में ईरानी राजनयिक केंद्र पर इस्राइली हमले के बाद इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध को लेकर चिंता जताई है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने फॉक्स के साथ साक्षात्कार के दौरान ये बात कही। किर्बी ने इस्राइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की ईरानी धमकियों के बारे में कहा,"हां, हम बहुत चिंतित है। वास्तव में जिन चीजों के बारे में इस्राइली प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को बात की उनमें से इस्राइल तथा ईरान के बीच पूर्ण पैमाने पर युद्ध की आशंका प्रमुख है।

# टेक्सास में बच्चे को दागने के मामले में मंदिर के खिलाफ मामला दर्ज

**ह्यूस्टन (भाषा)।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत में भारतीय मूल के व्यक्ति ने मंदिर और उससे संबंधित कंपनी पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक के हर्जाने की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया है। व्यक्ति के 11 वर्षीय बेटे को 2023 में धार्मिक समारोह के दौरान लोहे की गर्म छड़ से दागा गया था।

फोर्ट बेंड काउंटी के निवासी विजय चेरुवु ने कहा कि पिछले साल अगस्त में टेक्सास के शुगरलैंड में श्री अष्टलक्ष्मी हिंदू मंदिर में हुए धार्मिक समारोह के दौरान उनके बेटे को लोहे की गर्म छड़ से दागा गया था। फोर्ट बेंड काउंटी में इस सप्ताह दायर मामले के अनुसार इससे बच्चे को अत्यधिक दर्द हुआ था और उसकी उस जगह की त्वचा जल गई। मंदिर और उसके मूल संगठन, जीयर एजुकेशनल ट्रस्ट (जेईटी) यूएसए, इंक. के खिलाफ मुकदमे में चेरुवु 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति की मांग कर रहे है। चेरुवु ने कहा, मै हैरान रह गया। मुझे नहीं पता था कि उससे कैसे निपटूं। मेरी प्राथमिक चिंता मेरे बेटे की भलाई है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे के कंधे पर दागकर दो जगहों पर भगवान विष्णु की आकृति बनाई गई थी। मुकदमे में दावा किया गया है कि अगस्त में शुगरलैंड में सिनॉट रोड पर अष्टलक्ष्मी मंदिर में आयोजित हुए समारोह में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया था। उन प्रतिभागियों में से तीन बच्चे थे, जिनमें चेरुवु का बेटा भी शामिल था। चेरुवु के वकील ब्रैट स्टोगनर ने कहा कि लड़के के दोनों कंधों पर दागा गया है, जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक दर्द हुआ और बाद में संक्रमण हो गया। स्टोगनर के अनुसार, लड़के ने अपनी मां के साथ समारोह में भाग लिया और उसकी इच्छा के विरुद्ध और उसके पिता की जानकारी या सहमति के बिना उसे दागा गया था। टेक्सास में माता-पिता की सहमति से भी बच्चे को दागना, गोदना गैरकानूनी है।

# चुनाव के कारण कच्चातिवू पर आ रहे बयान : श्रीलंका

केंद्र सरकार के तमिलनाडु में कांग्रेस और द्रमुक पर निशाना साधने के बाद श्रीलंका मंत्री ने की टिप्पणी

**कोलंबो(भाषा)।** श्रीलंका के मत्स्य पालन मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि कच्चातिवू द्वीप को श्रीलंका से वापस लेने संबंधी भारत से आ रहे बयानों का कोई आधार नहीं है। श्रीलंका के वरिष्ठ तमिल नेता देवानंद की यह टिप्पणी नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा तमिलनाडु में कांग्रेस पार्टी और उसकी सहयोगी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर निशाना साधे जाने के कुछ दिन बाद आई है। मोदी ने दोनों दलों पर 1974 में कच्चातिवू द्वीप श्रीलंका को सौंपने में राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया था।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कच्चातिवू द्वीप के आसपास के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के इच्छुक मछुआरों के अधिकारों को सुनिश्चित नहीं करने के लिए भी दोनों दलों पर निशाना साधती रही है। देवानंद ने बृहस्पतिवार को जाफना में कहा, यह भारत में चुनाव का समय है, कच्चातिवू के बारे में दावों और प्रतिदावे सुनना असामान्य नहीं है। मुझे लगता है कि भारत अपने हितों को देखते हुए इस जगह को हासिल करने पर काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि श्रीलंकाई मछुआरों की उस क्षेत्र तक कोई पहुंच न हो और श्रीलंका संसाधन से युक्त इस क्षेत्र पर कोई अधिकार का दावा नहीं करे। देवानंद ने कहा है कि कच्चातिवू को श्रीलंका से वापस लेने के बयानों का कोई आधार नहीं है। श्रीलंकाई मंत्री ने कहा कि 1974 के समझौते के अनुसार दोनों पक्षों के मछुआरे दोनों देशों के क्षेत्रीय जल में मछली पकड़ सकते है लेकिन बाद में इसकी समीक्षा की गई और 1976 में इसमें संशोधन किया गया। तदनुसार, दोनों देशों के मछुआरों को पड़ोसी जलक्षेत्र में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। देवानंद ने कहा, वेस्ट बैंक नामक एक जगह होने का दावा किया जाता है जो कन्याकुमारी के नीचे स्थित है और यह व्यापक समुद्री संसाधनों के साथ एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। यह कच्चातिवू से 80 गुना बड़ा है, भारत ने इसे 1976 के समीक्षा समझौते में सुरक्षित किया था। मत्स्य पालन मंत्री के रूप में देवानंद को हाल के महीनों में स्थानीय मछुआरों के दबाव का सामना करना पड़ा है। स्थानीय मछुआरों ने भारतीय मछुआरों द्वारा श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने पर रोक के लिए व्यापक विरोध प्रदर्शन किया है। उनका कहना है कि भारतीयों द्वारा तलहटी में मछली पकड़ना श्रीलंकाई मछुआरों के हितों के खिलाफ है।

इस साल अब तक 178 भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार किया है और उनके 23 ट्रॉलर जब्त किये है। देवानंद एक पूर्व-तमिल उग्रवादी है, जो अब ईलम पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी का नेतृत्व करते है। देवानंद को चेन्नई की एक अदालत ने 1994 में आदतन अपराधी करार दिया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कच्चातिवू मुद्दे पर विभिन्न सवालों को लेकर इस मामले पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की हालिया टिप्पणी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 'मै आपको बताना चाहूंगा कि जो मुद्दे उठाए गए है, विदेश मंत्री उन पर यहां दिल्ली में और गुजरात में भी प्रेस वार्ता में बोल चुके है। जायसवाल ने नई दिल्ली में कहा, 'मै कहूंगा कि आप कृपया उनकी प्रेस वार्ता को देखें। आपको अपने जवाब वहां मिल जाएंगे।'

# सिडनी में मूसलाधार बारिश व तूफान, 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**सिडनी (वार्ता)।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में शुक्रवार को लगातार मूसलाधार बारिश के कारण सिडनी हवाई अड्डे से 100 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। मूसलाधार बारिश जारी रहने के कारण स्थानीय समयानुसार अपरान 2:30 बजे तक छह अंतरराष्ट्रीय और 109 घरेलू उड़ानें रद्द की जा चुकी है।

सिडनी हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि मूसलाधार बारिश होने के बावजूद रनवे खुले है, लेकिन यात्रियों को और देरी का सामना करना पड़ सकता है। तूफान और मूसलाधार बारिश के कारण कुछ उड़ानों में देरी और कुछ उड़ानों को रद्द करना पड़ा है। यात्रियों को उड़ान की स्थिति के बारे में अपनी एयरलाइन से पूछताछ करने का सुझाव दिया गया है। राज्य में रात भर तेज और मूसलाधार बारिश से सिडनी सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। स्थानीय मौसम सेवा प्रदाता वेदरोन के आंकड़ों के अनुसार, सिडनी के केंद्रीय व्यापार केन्द्र में पिछले 24 घंटों में शुक्रवार सुबह नौ बजे तक 111 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। खराब मौसम के कारण रेडफर्न स्टेशन के उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए और काम करना बंद कर दिया। रेडफर्न स्टेशन 11 रेल लाइनों को जोड़ने वाला परिवहन केंद्र है, जिसके कारण रेल सेवाएं भी प्रभावित हुई है। राज्य की सरकारी परिवहन एवं सड़क एजेंसी ट्रांसपोर्ट एनएसडब्ल्यू ने सोशल मीडिया पर कहा कि रेडफर्न में खराब मौसम के कारण उपकरणों को नुकसान पहुंचा है और मूसलाधार बारिश के कारण ट्रेनें देरी से चल रही है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रही है। ट्रेन सेवा में देरी और अंतराल पूरे दिन प्रभावित रहने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलियाई मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) के पूर्वानुमान के अनुसार ज्यादा बारिश हो सकती है, इलवारा एस्केरपमेंट और ग्रेटर सिडनी क्षेत्र के अंतर्देशीय हिस्सों के आसपास भी अत्यधिक बारिश होने का अनुमान जताया गया है, जहां पर कुल मिलाकर 300 मिमी तक बारिश हो सकती है। बीओएम के मौसम विज्ञानी एंगस हाइन्स ने कहा कि आंधी के साथ-साथ तेज बारिश आ सकती है, जिससे बाढ़ जैसी खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो सकती है।



## नई फिल्म की पहली झलक से उठा पर्दा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव अपनी एक्टिंग से लगातार लोगों का मनोरंजन करते आए हैं। एक्टर लंबे वक्त से बड़े पर्दे से दूर थे, लेकिन अब उन्होंने दमदार वापसी की तैयारी कर ली है। राजकुमार राव भी अब बायोपिक के साथ आ रहे हैं, जिसमें वो एक इंस्पायरिंग रियल लाइफ कहानी दिखाएंगे। एक्टर की अपकमिंग फिल्म का नाम 'श्रीकांत' है। राजकुमार राव ने फिल्म 'श्रीकांत' से अपने करिदार की झलक दिखाते हुए फिल्म के ऐलान के साथ ही रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। उन्हेंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'एक यात्रा जो आपको अपनी आंखें खोलने के लिए प्रेरित करेगी!

लाइफ Style

## रश्मिका मंदाना


### 'पुष्पा 2' की श्रीवल्ली का पहला लुक

'पुष्पा 2: द रूल' 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना एक बार फिर इस फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। 'पुष्पा 2' की रिलीज का लोगों को लंबे समय से बेसब्री से इंतजार है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

'पुष्पा 2' के मेकर्स 8 अप्रैल को अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर फिल्म का पहला टीजर रिलीज करने का ऐलान कर चुके हैं, लेकिन इसके पहले नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना के बर्थडे पर श्रीवल्ली के फैंस को सरप्राइज मिल गया। सोशल मीडिया पर रश्मिका मंदाना का 'पुष्पा 2' से पहला लुक शेयर कर दिया है। श्रीवल्ली का ये धाकड़ लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

'पुष्पा 2' के इस पोस्टर में रश्मिका, श्रीवल्ली के किरदार में बहुत ही दमदार लुक में लुक दिखा रही हैं। रश्मिका मंदाना ने हरी साड़ी, मांग में सिंदूर, हाथों में हरी-लाला चूड़ी पहने दिखाई दे रही हैं। वहीं कमरबंद, नाक की नथ और गले में मंगलसूत्र के साथ हार पहने हुए एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना बहुत खूबसूरत लग रही हैं। इस लुक को एक्ट्रेस ने लाल बिंदी, आंखों में काजल, न्यूड लिपस्टिक और बालों का जुड़ा बनाना से पूरा किया है। 'पुष्पा 2' के इस पोस्टर के साथ फिल्म के टीजर रिलीज की एक बार फिर घोषणा की गई है, जो 8 अप्रैल को रिलीज होगा। इससे पहले मेकर्स ने 'पुष्पा 2' की ओटीटी रिलीज की भी घोषणा की थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस बात की जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। वहीं सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का लुक लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।



हॉलीवुड मसाला



## फिल्म 'ड्यून 3' का ऐलान

लॉस एंजिलिस। टिमोथी चालमेट और जेंडाया अभिनीत फिल्म 'ड्यूनः पार्ट टू' बॉक्स ऑफिस पर कमाल रही है। निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे की इस फिल्म को दर्शकों का प्यार मिल रहा है। पूरी दुनिया में टिमोथी चालमेट की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। वहीं अब 'ड्यूनः पार्ट टू' की सफलता के बाद निर्देशक ने इस फिल्म के अगले भाग के निर्माण की घोषणा की है। टिमोथी चालमेट की आगामी फिल्म 'ड्यून 3' का निर्माण हो रहा है। निर्देशक विलेन्यूवे ने खुद इसकी आधिकारिक घोषणा की है।



## जैकी चैन की फिल्म 'कराटे किड' का निर्माण शुरू

लॉस एंजिलिस। सोनी पिक्चर्स ने अपनी नई फिल्म कराटे किड की घोषणा करते हुए इसका निर्माण भी शुरू कर दिया है। यह फिल्म इस फ्रेंचाइजी की छठवीं फिल्म है। राल्फ मचियो इस फिल्म में डैनी लारूसो की अपनी भूमिका फिर से निभाते नजर आएंगे। 2010 की फिल्म कराटे किड रीमेक में जैकी चैन मिस्टर हान की भूमिका में दिखाई दिए थे। वह अपनी भूमिका में फिर से नजर आएंगे। दर्शकों को इस फ्रेंचाइजी के अगले पार्ट का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म का प्रोडक्शन शुरू होने के साथ ही तस्वीरों में फिल्म कराटे किड के लोगो की झलक भी देखने को मिली। अभिनेता बेन वांग इसमें अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। बेन वांग के फिल्म में होने की घोषणा के बाद ही मेकर्स ने गुरुवार को बड़ा अपडेट साझा किया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी पहले ही खुलासा हो चुका है।



## ट्विंकल ने अक्षय पर सरेआम मारा ताना

**मुंबई।** बॉलीवुड के पावर कपल ट्विंकल खन्ना और अक्षय कुमार दोनों ही साथ में परफेक्ट लगते हैं। सालों से दोनों एक-दूसरे के साथ मौजमस्ती करते नजर आया करते हैं। सोशल मीडिया पर दोनों ही काफी एक्टिव हैं। जहां अक्षय कुमार अपने वीडियोज से लोगों को हंसाने में नहीं चूकते वहीं ट्विंकल खन्ना भी कभी फनी तो कभी सामाजिक मुद्दों पर बात करती नजर आती हैं। ट्विंकल खन्ना ने एक वीडियो साझा किया है। सामने आए इस वीडियो में वो और अक्षय कुमार दोनों ही नजर आ रहे हैं। दोनों किसी शादी फंक्शन के लिए तैयार हो रहे हैं और दोनों ने बेज कलर के कपड़ों में ट्विनिंग भी की है। जहां ट्विंकल खुद को निखारने और संवारने में लगी हैं, वहीं अक्षय कुमार उनके पीछे उछल-कूद करते दिख रहे हैं।



## टूटे दिल की दास्तान है 'अंख दा तारा'


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। अभिनेता कई चर्चित गाने गा चुके हैं। एक बार फिर वह अपनी सुरीली आवाज के साथ हाजिर हुए हैं। आयुष्मान का नया गाना 'अंख दा तारा' आज जारी हो गया है। संगीत प्रेमियों से इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। आयुष्मान कई फिल्मों में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेर चुके हैं। अब वे अपना एक नया पंजाबी गाना लेकर आए हैं। 'अंख दा तारा' गाने को आज यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में टूटे दिल की दास्तान को एक अनोखे अंदाज में दिखाया गया है। अभिनेता ने लिखा, ''मेरी 'अंख दा तारा' आप हो'। फैंस को आयुष्मान का यह गाना बेहद पसंद आ रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'मुझे लगातार सुनने के लिए एक नया गाना मिल गया है'।

### खबर संक्षेप

#### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 2690 करोड़ के फ्लैट बेचे


**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने मुंबई स्थित अपनी नई आवासीय परियोजना में 2,690 करोड़ रुपये के फ्लैट बेच दिए हैं। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इसने मुंबई के कांदिवली स्थित अपनी 'गोदरेज रिजर्व' परियोजना में लगभग 2,690 करोड़ रुपये के फ्लैट बेचे हैं।

#### तीर्थ गोपीकॉन का आईपीओ आठ अप्रैल को खुलेगा



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग निर्माण और विकास कंपनी तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड ने शुक्रवार को अपने आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) के लिए कीमत 111 रुपये प्रति शेयर तय की। कंपनी का आईपीओ आठ अप्रैल को खुलेगा। अहमदाबाद स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि उसकी एसएमई सार्वजनिक निर्गम के जरिये 44.40 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है।

#### इंडोसोल सोलर का मॉड्यूल 2025 तक होगा पूरा



**नई दिल्ली।** इंडोसोल सोलर का लक्ष्य आंध्र प्रदेश में अपनी एकीकृत सौर मॉड्यूल परियोजना के पहले चरण को 2025 तक पूरा करना है। इंडोसोल सोलर आंध्र में रामायपट्टनम बंदरगाह के पास नेल्लोर में आगामी संयंत्र में पांच गीगावॉट इंगोट और पांच गीगावॉट ग्लास क्षमता स्थापित करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

## सिर्फ 19 साल की लड़की बन गई दुनिया की सबसे युवा बिलेनियर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फोर्ब्स ने हाल ही में विश्व के सबसे अमीर लोगो की लिस्ट जारी की है। इसमें कुल 2781 लोगों को जगह मिली है। इस लिस्ट में एक 19 वर्ष की लड़की ने भी जगह बनाई है। फोर्ब्स की बिलेनियर लिस्ट के मुताबिक केवल 19 साल की ब्राजीलियाई छात्रा लिविया वोइगट को विश्व की सबसे यंग बिलेनियर युवती होने का खिताब मिला है।


- पहले यह खिताब इटली की क्लेमेंटे डेल वेक्चिओ के पास था

इससे पहले यह खिताब इटली की 19 वर्ष की लड़की क्लेमेंटे डेल वेक्चिओ के पास था। वह लिविया वोइगट से केवल दो महीने बड़ी है। दुनिया की सबसे युवा बिलेनियर का खिताब जीतने वाली लिविया वोइगट एक बिजनेस परिवार से संबंध रखती हैं। उनके परिवार की कंपनी है जो बाजील की शीर्ष मोटर निर्माता कंपनियों में से एक है।

### फोर्ब्स की सूची में ब्राजील की छात्रा लिविया वोइगट को मिला यह खिताब

#### सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला

फोर्ब्स द्वारा जारी की गई बिलेनियर्स की लिस्ट में करीब 200 भारतीयों ने अपनी जगह बनाई है। मुकेश अंबानी भारत और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में उभरे हैं, वहीं जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला बन गई है। उनकी नेट वर्थ 35.5 बिलियन डॉलर है।



#### लिविया की कुल नेटवर्थ 1.1 बिलियन डॉलर

डब्ल्यूईजी नाम की इस मोटर कंपनी में लिविया वोइगट का सबसे बड़ा व्यक्तिगत हिस्सा है। इस कंपनी की शुरुआत लिविया वोइगट के दादा वार्नर रिकार्डो वोइगट ने की थी। फोर्ब्स के मुताबिक लिविया वोइगट की कुल नेट वर्थ 1.1 बिलियन डॉलर के आसपास है।

#### नितिन कामथ भारत के सबसे युवा अरबपति

जेरोधा के फाउंडर नितिन कामथ और निखिल कामथ का नाम भारत के सबसे युवा अरबपतियों की लिस्ट में टॉप पर है। इसके अलावा दिग्गज ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट सचिन और बिन्नी बंसल को भी भारत के सबसे युवा अरबपति का खिताब मिला है।

### घर खरीदने का निर्णय कर पाना होगा आसान

## नीतिगित दर स्थिर रहने से नहीं बढ़ेगी कर्ज की लागत, रियल्टी क्षेत्र को मिलेगी गतिः उद्योग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनियों ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के फैसले से कर्ज की लागत स्थिर रहेगी और घर खरीदने के बारे में निर्णय कर पाना आसान होगा।

हालांकि रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी लाने के लिए आगामी समीक्षा बैठक में रेपो दर में कटौती की मांग भी रखी गई है। खुदरा महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर को लगातार सातवीं बार 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा।

#### उत्साहजनक परिवेश तैयार होगा : नारेडको

रियल एस्टेट कंपनियों के शीर्ष निकाय 'नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल' (नारेडको) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा, रेपो दर यथावत रखने का निर्णय देश की आर्थिक बुनियाद में भरोसे को दर्शाता है। इससे नए वित्त वर्ष में उत्साहजनक परिवेश तैयार होगा।



- रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी लाने कटौती की मांग रखी गई थी
- नए वित्त वर्ष में उत्साहजनक परिवेश तैयार होगा
- रियल एस्टेट क्षेत्र को मिलेगी बड़ी मजबूती

### मकान खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर

सीबीआरई चेयरमैन एवं सीईओ (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका) अंशुमन मैगजीन ने कहा, 'आरबीआई का यह सतत रुख मुद्रास्फीति के दबाव के बीच मूल्य स्थिरता के प्रबंधन पर जोर देता है। यह मकान खरीदने के इच्छुक लोगों के लिए अच्छी खबर है क्योंकि उधार लेने की लागत नहीं बढ़ेगी और मकान खरीदना अधिक आसान होगा।'

#### फैसला फायदेमंद है

काउंटी ग्रुप के निदेशक अमित मोदी ने कहा, ''यह फैसला निश्चित रूप से रियल एस्टेट जगत के लिए फायदेमंद है। आरबीआई का यह निर्णय निवेशकों और मकान खरीदारों दोनों के लिए अच्छा साबित होगा।''

#### मासिक किस्त पर असर नहीं पड़ेगा

कोलियर्स इंडिया के वरिष्ठ निदेशक एवं शोध प्रमुख विमल नादर ने कहा, 'रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए यह निर्णय निरंतरता और भरोसे की भावना प्रदान करता है। यह भविष्य के निवेश तथा विकास पहलों को ठोस आधार भी देगा। इसके अलावा यह मासिक किस्त पर निर्भर खरीदारों की मकान खरीदने की इच्छा को भी बल देगा।'

#### विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा

सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा, 'स्थिर रेपो दर घर खरीदारों को विश्वसनीयता और आत्मविश्वास प्रदान करेगी। निःसंदेह इस स्थिरता का रियल एस्टेट क्षेत्र के विकास पर सकारात्मक प्रभाव होगा।'

#### मुद्रास्फीति के आंकड़े अभी भी चिंताजनक

इससे रियल एस्टेट बाजार और इससे जुड़े क्षेत्रों को मजबूती मिलती है।'' क्रेडाई-एनसीआर के अध्यक्ष एवं रियल एस्टेट कंपनी गौड़ ग्रुप के चेयरमैन मनोज गौड़ ने कहा, 'रेपो दर को लगातार सातवीं बार स्थिर रखने का निर्णय रियल एस्टेट जगत के लिए अच्छा संकेत है। हालांकि मुद्रास्फीति के आंकड़े अब भी चिंता का विषय हैं। हमें उम्मीद है कि इस कदम से भारत को मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।'

*निरंतर वृद्धि के लिए अच्छा संकेत*

*वर्ष 2024-25 में सात प्रतिशत की दर से वृद्धि का अनुमान भी रियल एस्टेट क्षेत्र में निरंतर वृद्धि के लिए अच्छा संकेत है। हम आरबीआई से आगामी समीक्षा बैठक में नीतिगत दर पर विचार करने का अनुरोध करते हैं। बेहतर नकदी के साथ कम ब्याज दर कंपनियों और घर खरीदारों को समान रूप से प्रोत्साहित करती हैं।*

## आयुर्वेद उत्पाद बाजार 1.2 लाख करोड़ रुपए पहुंचने का अनुमान

- स्टार्टअप 'निरोगस्ट्रीट' ने अपनी रिपोर्ट में दी जानकारी
- वर्ष 2027-28 तक 16 .27 अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत का आयुर्वेद उत्पादों का बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 16.27 अरब डॉलर यानी 1.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप 'निरोगस्ट्रीट' ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्राकृतिक एवं हर्बल उपचार की बढ़ती मांग, आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संख्या बढ़ने, सरकारी पहल और नए उद्यमियों के आने से आयुर्वेद उत्पाद बाजार तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल इसका बाजार सात अरब डॉलर यानी 57,450 करोड़ रुपये है। निरोगस्ट्रीट ने एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि भारत में आयुर्वेद उत्पाद बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 1,20,660 करोड़ रुपये (16.27 अरब डॉलर) तक पहुंच जाने की उम्मीद है।

#### उत्पाद क्षेत्र की वृद्धि दर 16 फीसदी

सर्वेक्षण के मुताबिक, आयुर्वेदिक उत्पादों एवं सेवाओं का समग्र बाजार वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2027-28 तक 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि से बढ़ने का अनुमान है। इसमें उत्पाद क्षेत्र की वृद्धि दर 16 प्रतिशत जबकि सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 12.4 प्रतिशत रहने की संभावना है।

### ट्रेविस हेड के साथ मिलकर 2.4 ओवर में 46 रन जोड़कर रखी जीत की आधारशिला

# अभिषेक के आगे पस्त चेन्नई



**हैदराबाद।** एडेन मारक्रम 50 रन और अभिषेक शर्मा 37 रनों की तूफानी पारी की बदौलत पर सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट हरा दिया है। हैदराबाद की चार मैचों में यह दूसरी जीत है। हैदराबाद की ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए ताबड़तोड़ अंदाज में 2.4 ओवर में 46 जोड़ डाले। अभिषेक शर्मा ने 12 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों लगाते हुए 37 रन बनाये। उन्हें चाहर ने जडेजा के हाथों कैच आउट कराया। अभिषेक ने मुकेश के एक ही ओवर में 27 रन ठोक डाले।

10वें ओवर में ट्रैविस हेड 31 रन के रूप में हैदराबाद का दूसरा विकेट गिरा। 14वें ओवर में एडन मारक्रम मोईन अली ने पगबाधा आउट कर दिया। उन्होंने 36 गेंदों में चार चौकों और एक छक्का लगाते हुए 50 रन बनाये। शाहबाज अहमद 18 रन को भी मोईन अली ने पगबाधा आउट किया। हाइनरिक क्लासन 10 रन और नितीश कुमार रेड्डी 14 रन बनाकर नाबाद रहे। नितीश कुमार रेड्डी ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर हैदराबाद को छह विकेट से जीत दिलाई। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से मोईन अली दो विकेट लिये। दीपक चाहर और महीश थीक्षणा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शिवम दुबे की 45 रनों और अजिंक्य रहाणे की 35 रनों की पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया था।

### आईपीएल 2024 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.518 |
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.249 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.517 |
| लखनऊ | 3 | 3 | 1 | 4 | 0.483 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.409 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.220 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.580 |
| बेंगलुरु | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.876 |
| दिल्ली | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.347 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.423 |

### चेन्नई की खराब शुरुआत

यहां सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र 12 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद आठवें ओवर में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाये। शिवम दुबे ने 24 गेदों में दो चौके और चार छक्के लगाते हुए 45 रन ठोके डाले। डैरिल मिचेल 13 रन बनाकर आउट हुये। रवींद्र जाडेजा 31 रन और महेन्द्र सिंह धोनी एक रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन , पैट कमिंस, शाहबाज अहमद और जयदेव उनादकट को एक-एक विकेट मिला।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र कै. मारक्रम बो. भुवनेश्वर | 12 | 09 | 2/0 |
| गायकवाड़ कै. समद बो. शाहबाज | 26 | 21 | 3/1 |
| रहाणे कै. मार्कंडेय बो. उनादकट | 35 | 30 | 2/1 |
| शिवम दुबे कै. भुवनेश्वर बो. कमिंस | 45 | 24 | 2/4 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 31 | 23 | 4/0 |
| डैरिल मिचेल कै. समद बो. नटराजन | 13 | 11 | 1/0 |
| एमएस धोनी नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 02, **कुल:** 20 ओवर मे पांच विकेट पर 165 रन, **विकेट पतन:** 1-25, 2-54, 3-119, 4-127, 5-160, **गेंदबाजी:** अभिषेक शर्मा 1-0-7-0, भुवनेश्वर कुमार 4-0-28-1, टी नटराजन 4-0-39-1, पैट कमिंस 4-0-29-1, मयंक मार्कंडेय 2-0-21-0, शाहबाज अहमद 1-0-11-1, जयदेव उनादकट 4-0-29-1,

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड कै. रविंद्र बो. तीक्षणा | 31 | 24 | 3/1 |
| अभिषेक शर्मा कै. जडेजा बो. चाहर | 37 | 12 | 3/4 |
| मारकरम पगबाधा बो. अली | 50 | 36 | 4/1 |
| शहबाज अहमद पगबाधा बो. अली | 18 | 19 | 0/1 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 10 | 11 | 1/0 |
| नितिन रेड्डी नाबाद | 14 | 08 | 1/1 |

**अतिरिक्त:** 06, **कुल:** 18.1 ओवर में चार विकेट पर 166 रन, **विकेट पतन:** 1-46, 2-106, 3-132, 4-141, **गेंदबाजी:** दीपक चाहर 3.1-0-32-1, मुकेश चौधरी 1-0-27-0, महेश तीक्षणा 4-0-27-1, तुषार देशपांडे 2-0-20-0, रविंद्र जडेजा 4-0-30-0, मोइन अली 3-0-23-2, रचित रविंद्र 1-0-3-0,

### पावरप्ले में बना आईपीएल इतिहास का तीसरा बड़ा स्कोर

लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने तूफानी पारी खेली। अभिषेक शर्मा ने पारी का दूसरा ओवर डालने आए मुकेश चौधरी को आड़े हाथों लिया। अभिषेक ने मुकेश का चौके के साथ स्वागत किया और तीसरी गेंद पर छक्का जड़ा। इसके बाद उन्होंने पांचवीं गेंद को फिर बाउंड्री के पार भेजा। यह गेंद नो बॉल करार दी गई और फिर अभिषेक ने फ्री हिट पर भी छक्का जड़ा। चेन्नई के लिए यह ओवर काफी महंगा साबित हुआ। इस ओवर में 27 रन आए। हैदराबाद की पारी के दूसरी ही गेंद पर मोइन अली ने ट्रेविस हेड का आसान सा कैच छोड़ा। उस वक्त हेड ने खाता भी नहीं खोला था। अभिषेक के आउट होने के बाद हेड ने एडेन मार्करम के साथ मिलकर पारी आगे बढ़ाई और खुद को मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने लगातार शॉट खेले और पॉवरप्ले की समाप्ति तक चेन्नई को खुश होने का मौका नहीं दिया। हैदराबाद ने पॉवरप्ले तक एक विकेट पर 78 रन बनाए थे जो उसका आईपीएल इतिहास का पॉवरप्ले में तीसरा सर्वोच्च स्कोर है। हेड धीरे-धीरे अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन महेश तीक्षणा ने हेड को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया।

## आरसीबी और रॉयल्स को शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



**जयपुर (एजेंसी)।** खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफडु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाए लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच आरसीबी के घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम से मिलती जुलती है जिस पर बल्लेबाजों को शॉट्स खेलने में आसानी होगी। दूसरी ओर रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आए थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यही कहानी है। इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन 109 रन और रियान पराग 181 रन रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी।

### गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी

गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है जिसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल है । ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। आरसीबी के गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज महंगे साबित हुए हैं जिन्होंने 10 से ऊपर की औसत से रन दिए हैं। अलजारी जोसेफ और रीसे टॉपली भी चल नहीं सके हैं। संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स प्रचंड फॉर्म में चल रही है।

## सूर्यकुमार मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे

**खेल सकते हैं अगला मुकाबला**

**मुम्बई।** टी-20 टीम के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव रविवार को वानखेड़े में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले वाले मुकाबले के लिए मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ेंगे। हालांकि उनके फिटनेस की पुष्टि नहीं हो पाई है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सूर्यकुमार यादव शुक्रवार को मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ेंगे। उन्होंने फिटनेस की मंजूरी नहीं मिलने के कारण अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में कोई मैच नहीं खेला है। इस वर्ष की शुरुआत में हुई टखने की सर्जरी से उबरने के लिए वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में थे। उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी भी करानी पड़ी थी जिसके कारण वह घरेलु मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज से बाहर हो गये थे। उल्लेखनीय है कि सूर्यकुमार ने पिछले वर्ष दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में खेले गये तीसरे टी-20 में 56 गेंदों में 100 रन बनाए थे। इसी मैच में उन्हें टखने में चोट लगी थी।



## कुलदीप यादव को आराम की सलाह

**मुंबई।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ग्रोइन चोट से उबर रहे हैं और उन्हें दिल्ली कैपिटल्स टीम प्रबंधन द्वारा एहतियात के तौर पर मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल में आराम की सलाह दी गई है। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप को दिल्ली कैपिटल्स के जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सत्र के दूसरे मैच में चोट लग गई थी जिसमें टीम को हार का सामना करना पड़ा था। इससे इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को अगले मुकाबलों के लिए बाहर रहने के लिए बाध्य होना पड़ा जिसमें अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने अंतिम एकादश में वापसी की। आईपीएल के एक सूत्र से जब कुलदीप की हालत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, उन्हें मैच फिट होने के लिए कुछ समय लगेगा। कुलदीप केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी हैं और टी20 विश्व कप के उम्मीदवार हैं तो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी एनसीए की खेल विज्ञान और चिकित्सा टीम की सलाह उनकी चोट और रिहैब प्रबंधन में अहम होगी। आईपीएल की फ्रेंचाइजी के लिए भारतीय खिलाड़ी की चोट और चोट संबंधित चिंताओं की एनसीए को जानकारी देना अनिवार्य है। कुलदीप हालांकि सभी मुकाबलों के लिए टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं।



## कांस्य पदक विजेता डीएसपी यादव को डीजीपी सुधीर सक्सेना ने किया सम्मानित



**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस की बैडमिंटन टीम ने हैदराबाद के पुलेला गोपीचंद स्टेडियम में 17 से 22 मार्च 2024 तक आयोजित 16वीं अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन स्पर्धा में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने वाले मध्य प्रदेश पुलिस के उप पुलिस अधीक्षक देवेंद्र यादव को डीजीपी सुधीर सक्सेना ने पुलिस मुख्यालय में पदक एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीजीपी श्री सक्सेना ने टीम का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय बैडमिंटन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देवेंद्र यादव ने मध्य प्रदेश पुलिस का मान बढ़ाया है। उन्होंने टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं दीं और भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए भी कड़ी मेहनत व लगन से अभ्यास करने व स्वर्ण पदक प्राप्त करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश पुलिस की बैडमिंटन टीम के कप्तान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह ने डीजीपी सुधीर सक्सेना को तेलंगाना के डीजीपी द्वारा प्रदत्त प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। स्पर्धा में 29 राज्यों एवं अर्धसैनिक बलों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## ओलंपिक संघ के सचिव ने केनो स्प्रिंट खिलाड़ियों से की मुलाकात



**भोपाल।** मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह व मप्र कयाकिंग एवं केनोइंग संघ के सचिव पीएस बुंदेला ने भोपाल में चल रहे ाारतीय पैरा केनो टीम व भारतीय केनो स्प्रिंट टीम के खिलाड़ियों से भेंट कर प्रशिक्षण शिविर संबंधित जानकारी प्राप्त की। विदित हो कि भोपाल स्थित छोटे तालाब पर यह दोनों प्रशिक्षण शिविर भारतीय कयाकिंग एवं कैनिंग संघ व भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा 20 मार्च से चलाए जा रहे हैं। जिसमें पैरा कैनोइंग में 14 खिलाड़ी, तीन प्रशिक्षक व 2 सपोर्टिंग स्टाफ है। इसी तरह भारतीय कैनो स्प्रिंट दल में 20 खिलाड़ी, तीन प्रशिक्षक व 2 सपोर्टिंग स्टाफ उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण के बाद 14 अप्रैल को यह टीम में जापान एशियन चैंपियनशिप के लिए दिल्ली से रवाना होगी। इसमें प्रशिक्षक मयंक ठाकुर, अनिल राठी, चिंग चिंग सिंह, चेम्स बाय सिंह, सोहेल खान उपस्थित थे।

## अमृत राज का साउथ एशियन कुराश चैंपियनशिप में चयन



**भोपला।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र अमृत राज बोटे का साउथ एशियन कुराश चैंपियनशिप 2024 के लिए चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता की चयन प्रक्रिया पंजाब यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट इंडोर हॉल पटियाला पंजाब में आयोजित की गई थी। अब यह प्रतियोगिता 19-20 अप्रैल 2024 को कोचिन केरल में आयोजित की जानी है। जिसमें भारत की ओर से एसजीएसयू भोपाल के विद्यार्थी अमृत राज बोटे प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर एसजीएसयू के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलपति डॉ. अजय भूषण, रजिस्ट्रार डॉ. सितेश कुमार सिन्हा व क्रीड़ा अधिकारी ममलेश कर्मा तथा नलिनी खरे ने अमृत राज को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सोमनाथ मंदिर में पूजा करने पहुंचे हार्दिक पंड्या



**टीम गंवा चुकी है लगातार तीन मुकाबले**

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या आखिरकार गुजरात के प्रभास पाटन में सोमनाथ मंदिर देखे गए। सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें हार्दिक श्रद्धा के साथ मंदिर में भगवान की पूजा करते हुए दिखाई देते हैं। मुंबई इंडियंस के लिए बतौर कप्तान हार्दिक की शुरूआत अच्छी नहीं रही है। वह अब तक खेले गए तीनों मुकाबले गंवा चुके हैं। पांड्या फिलहाल 1 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स से मिली हार के बाद से ब्रेक पर हैं। वह 7 अप्रैल को घरेलू मैदान पर दिल ली कैपिटल्स के खिलाफ एक्शन में लौटेंगे। हार्दिक को आईपीएल ऑक्शन 2024 से पहले ही मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस से ट्रेड किया था। बताया गया कि हार्दिक को 15 करोड़ की कीमत पर ट्रेड किया गया है। मुंबई प्रबंधन ने हार्दिक को लाते ही रोहित शर्मा की जगह टीम का कप्तान बना दिया। मुंबई इंडियंस प्रबंधन का यह फैसला टीम के फैंस को पसंद नहीं आया। क्रिकेट फैंस मानते हैं कि रोहित ने मुंबई को बतौर कप्तान पांच खिताब दिलाए हैं। उन्हें अचानक इसे कप्तानी से हटाना सही फैसला नहीं है। फैंस ने हार्दिक को भी घेरा। माना गया कि हार्दिक ने मुंबई इंडियंस में आने के लिए कप्तानी पद देने की ही शर्त रखी थी। बहरहाल, हार्दिक पांड्या और रोहित शर्मा एक ही टीम में खेल रहे हैं। मुंबई इंडियंस अपने पहले तीनों मुकाबले गंवा चुकी है। वह अंक तालिका में 10वें स्थान पर है। अब वह दिल्ली के खिलाफ उतरेगी जोकि सीजन के 4 में से 3 मुकाबले गंवा चुकी है।

## राफेल नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम लिया वापस

**पेरिस।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने स्वास्थ्य कारणों से मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस ले लिया है। नडाल की इस घोषणा के बाद मई के आखिर में होने वाले 15वें फ्रेंच ओपन में उनके खेलने की संभावना भी कम दिख रही है। नडाल ने लिखा, ये मेरे लिए बहुत कठिन समय है दुर्भाग्य से मुझे आपको बताना पड़ रहा है कि मैं मोंटे-कार्लो में नहीं खेलूंगा। मेरा शरीर मुझे इसकी इजाजत नहीं दे रहा। भले ही मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और खेलने की पूरी इच्छा के साथ हर दिन अधिकतम प्रयास कर रहा हूं। उन टूर्नामेंटों में फिर से प्रतिस्पर्धा करू जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं, सच्चाई यह है कि मैं आज नहीं खेल सकता।

## स्पीड जोगर महिला एवं पुरुष वर्ग में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने जीता स्वर्ण



**भोपाल।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा एलएनसीटी ऑडिटोरियम में आयोजित की जा रही एआईयू जोनल रोप स्कीपिंग महिला-पुरुष प्रतियोगिता 2023-24 के दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी बीयू का दबदबा कायम है। पुरुष वर्ग के स्पीड जोगर मुकाबले में बीयू के विनय कुमार सेन ने स्वर्ण पदक, आदि कवि ननया यूनिवर्सिटी के के. वेनु साई ने रजत पदक एवं एएमआईटी के अजय भास्कर ने कांस्य पदक अर्जित किया। महिला वर्ग के स्पीड जोगर मुकाबले में बीयू की राज नंदनी ने स्वर्ण पदक, आरडीबी जबलपुर की तनीषा ने रजत पदक, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की श्रुतिका जसोना ने कांस्य पदक अर्जित किया। प्रतियोगिता में पदक वितरण समारोह के अवसर पर सीजे जॉयसन डीइओ, शैलेश शुक्ला सचिव रोप स्कीपिंग एसोसिएशन मध्यप्रदेश, डॉ बीएस भदौरिया वाइस प्रिंसिपल बीएनएस, पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल द्वारा पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन स्पर्धा सचिव ने तनवंत सिंह ने किया। प्रतियोगिता में आज मास्टर इवेंट में फ्री स्टाइल, टीम इवेंट में डबल टच सिंगल फ्री स्टाइल, सिंगल टचएल थ्री स्पीड इवेंट्स के मुकाबले खेले जाएंगे।

**हॉकी मैच** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज 2.00 बजे से

## एक दशक का सूखा समाप्त करने उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम



**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम पर्थ में शनिवार से शुरू वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीतकर एक दशक के सूखे को खत्म करने के इरादे से उतरेगी। श्रृंखला का पहला मैच छह अप्रैल को पर्थ में होगा। दूसरा मैच सात, तीसरा 10, चौथा 12 तथा पांचवां मैच 13 अप्रैल को खेला जायेगा। इस श्रृंखला को पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के मद्देनजर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भारतीय टीम का लक्ष्य टेस्ट श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को हराकर एक दशक के सूखे को समाप्त करना है। भारत इससे पहले 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की धरती पर टेस्ट सीरीज जीती थी। आंकड़ों के अनुसार भारतीय हॉकी टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ष 2013 से अब तक कुल 43 बार भिड़ंत हुई हैं। इन मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया 28 बार विजयी हुआ है, जबकि भारत को आठ मैचों में जीत हासिल हुई है। सात मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। वर्तमान विश्व रैंकिंग में भारत चौथे और ऑस्ट्रेलिया पांचवें स्थान पर है। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन इस दौरे को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक से पहले हमारी टीम की तैयारियों के लिए एक लिटमस टेस्ट के रूप में कार्य करती है। हमारा लक्ष्य अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाना और सुधार के लिए क्षेत्रों की पहचान करना है ताकि हम सुनिश्चित कर सकें कि हम मेगा इवेंट के लिए अपने चरम फॉर्म में हैं। हमारा ध्यान अपने गेम प्लान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने और ऑस्ट्रेलियाई पक्ष द्वारा पेश की गई चुनौतियों से निपटने पर होगा।

### हम चुनौतियों के लिए तैयार

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हम आगे आने वाली चुनौती के लिए तैयार हैं। हर मैच हमारे लिए अपने कौशल दिखाने और अपने देश को गौरवान्वित करने का एक अवसर है। हम ऑस्ट्रेलिया द्वारा दी जाने वाली कड़ी प्रतिस्पर्धा से अवगत हैं। हमें अपनी क्षमताओं और अपनी तैयारियों पर भरोसा है। एक टीम के रूप मे एकजुट के साथ मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य न केवल इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना है, बल्कि एक टीम के रूप में सीखना और आगे बढ़ना भी है यह पेरिस ओलंपिक में हमारे अभियान की नींव।

### हेड टू हेड

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 43 |
| ऑस्ट्रेलिया | 28 जीत |
| भारत | 8 जीत |
| ड्रॉ | 7 मैच |

# क्या सचमुच ब्रह्मांड में छिपे हैं एलियन



लंदन (द कन्वरसेशन)। क्या एलियन सचमुच हैं, क्या उन्होंने कभी पृथ्वी से संपर्क किया है ? इस बारे में कोई निश्चित कारण या प्रमाण नहीं हैं। इसकी चर्चा भले ही होती है लेकिन इस बारे में कुछ भी विश्वसनीय नहीं है। भौतिक विज्ञानी एनरिको फर्मी को यह अजीब लगा। उन्होंने 1950 के दशक में एक फार्मूला पेश किया जिसे अब "द फर्मी पैराडॉक्स" कहा जाता है। यह अब भी परायह्री जीवन (सेटी) की खोज और अंतरिक्ष में सिग्नल से संदेश भेजने (मेटी) के लिए महत्वपूर्ण है। पृथ्वी लगभग 4.5 अरब वर्ष पुरानी है और जीवन कम से कम 3.5 अरब वर्ष पुराना है। ब्रह्मांड को देखते हुए जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियां कई बार घटित होने की संभावना है।

## तो हर कोई कहां है?

सिक्सिन लियू की श्रृंखला की दूसरी पुस्तक, 'द डार्क फ़ॉरेस्ट' में कहा गया है कि ब्रह्मांड में परायह्री जीवों या एलियन की कमी नहीं है और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए खुद को छिपाते हुए वे सक्रिय है। सबसे तेजी से प्रगति करने वाली सभ्यताएं किसी और को मिटा देने की स्थिति में आ जाती है। इस खतरनाक माहौल में, जो लोग जीवित रहने का खेल सबसे अच्छा खेलते है, वे ही सबसे लंबे समय तक जीवित रहते है। यह खेल हमारे आने से पहले से चल रहा था, और जो रणनीति सभी ने सीखी है वह है छिपना। प्रमुख खगोलविज्ञानी केली स्मिथ और जॉन ट्रैफैगन ने 2020 में कहा था कि किसी परायह्री के संपर्क के जवाब में कुछ न करें, क्योंकि कुछ करने से आपदा आ सकती है। उनका तर्क है कि हमें ऐसा कुछ भी करने से बचना चाहिए जिससे यह उजागर हो कि हम कौन है। संदेश लौटाने से पृथ्वी का स्थान पता चल जाएगा - यह भी खतरनाक विचार है।



## डार्विन की गलत व्याख्या करना

डार्विन के सिद्धांत में अस्तित्व के लिए संघर्ष और इसमें विजेता के जीवित रहने की संभावना पर जोर है। अस्तित्व के लिए प्रतिस्पर्धा के बारे में चार्ल्स डार्विन का विवरण साक्ष्य-आधारित है। इसके विपरीत, हमारे पास विदेशी व्यवहार, या अन्य सभ्यताओं के भीतर या उनके बीच प्रतिस्पर्धा के बारे में कोई सबूत नही है। यह अच्छे विज्ञान के बजाय मनोरंजक अनुमान लगाता है, भले ही आप यह मान लें कि ब्रह्मांड डार्विन के सिद्धांत के अनुसार संचालित होता है, लेकिन यह तर्क संदिग्ध है। कोई भी वास्तविक जंगल अंधेरे जंगल यानी डार्क फारेस्ट जैसा नही है। वे शोर-शराबे वाली जगहें है जहां सह-विकास होता है। प्राणी एक साथ, परस्पर निर्भरता के साथ विकसित होते है, अकेले नहीं। परजीवी होस्ट पर निर्भर होते है, फूल परागण के लिए पक्षियों पर निर्भर होते है। जंगल का प्रत्येक प्राणी कीटों पर निर्भर रहता है। आपसी संबंध मुठभेड़ों को जन्म देते है। हमारी दुनिया में जंगल इसी तरह काम करते है। दिलचस्प बात यह है कि लियू इस परस्पर निर्भरता को 'डार्क फारेस्ट' सिद्धांत के प्रतिरूप के रूप में स्वीकार करते है। पाठक को बार-बार बताया जाता है कि 'प्रकृति में, कुछ भी अकेले मौजूद नही है।' लियू की कहानी में, इसका उपयोग



यह समझाने के लिए किया जाता है कि क्यों कुछ इंसान तुरंत एलियंस के पक्ष में चले जाते है, और सभी जोखिमों के बावजूद, संपर्क बनाने की इच्छा इतनी मजबूत क्यों है। यही वजह है कि ये वेन्जी अंततः विदेशी चेतावनी का जवाब देती है।

कार्सन के संकेत पुराने रूसी विचार की पुष्टि नहीं करते कि एलियंस उन्नत होंगे इसलिए मित्रतापूर्ण होंगे। तथ्य यह है कि हमारा किसी को नहीं सुन पाना यह संकेत दे सकता है कि वे बहुत दूर है, या हम सभी गलत तरीकों से सुन रहे है, या फिर कोई जंगल नही है और सुनने के लिए कुछ भी नही है।

## हंसी का तड़का लगाने वाली फिल्म है 'द डिफेक्टिव डिटेक्टिव्स'



मुंबई (आईएएनएस)। अगर आप कॉमेडी फिल्म देख रहे हैं तो आपको ऐसे कंटेंट की जरूरत है, जो आपके चेहरे पर हंसी ला सके। कॉमेडी फिल्म आपकी सभी समस्याओं को भुला देने का काम करती है। इस तरह की फिल्में आपका दिन बना सकती है। देश भर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली 'द डिफेक्टिव डिटेक्टिव्स' एक अंग्रेजी भाषा की कॉमेडी फिल्म है, जो बेहद मनोरंजक है। इसे देखते समय आप एक पल के लिए बोर नहीं होंगे। 'द डिफेक्टिव डिटेक्टिव्स' में तीन दोस्तों श्री, आदि और मानव की कहानी दिखाई गई है। इसमें श्री को अंधा, आदि को बहरा और मानव को गूंगा दिखाया गया है। वह अपनी शारीरिक अक्षमताओं के बावजूद एक जासूसी एजेंसी शुरू करने की एक हास्यपूर्ण यात्रा की शुरूआत करते हैं। वह अपने तरीके से समस्याओं को और जटिल बना देते हैं। जब वे मामलों की जांच करने की कोशिश करते हैं तो उनकी हरकतें कई हास्यास्पद स्थितियां पैदा करती हैं। श्री, आदि और मानव के साथ, निर्देशक परितोष पेंटर अनोखे किरदार बनाने की कोशिश करते हैं जो अपने मजेदार कृत्यों लोगों को हंसाते रहते हैं। दर्शकों को हंसाने के उनके गुदगुदाने के तरीके, फिल्म का बड़ा हिस्सा है। सिद्धार्थ जाधव, जयेश ठक्कर और विष्णु मेहरा आश्चर्यजनक रूप से प्रफुल्लित करने वाले हैं। वे फिल्म को अधिक देखने योग्य और काफी हद तक मनोरंजक बनाते हैं। उन्होंने अपने पात्रों को बेहतर तरीके से स्क्रीन पर जीवंत किया है।

## संतोषी मां के किरदार में नजर आएंगी स्मृति सिन्हा



मुंबई (वार्ता)। रेणु विजय फिल्म एंटरटेनमेंट और प्राइड ऑफ एशिया फिल्म्स के बैनर से बनी भोजपुरी फिल्म 'जय संतोषी मां' में स्मृति सिन्हा संतोषी मां के किरदार में नजर आयेंगी। निर्माता निशांत उज्जवल ने बताया कि जय संताषी मां बनकर तैयार है। फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। स्मृति सिन्हा ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव की बात है। जीवन में कभी सोचा नहीं था कि मुझे इस तरह का किरदार ऑफर होगा, लेकिन जब मुझे यह ऑफर मिला तो मै बेहद खुश हुई। फिल्म अब पूरी हो चुकी है।दर्शक मुझे संतोषी मां के किरदार में देख पाएंगे। मै भोजपुरी के दर्शकों के रिएक्शन के लिए उत्साहित हूं।

## 'राम-हनुमान' मिलन से अभिभूत सुजय



मुंबई (वार्ता)। सोनी एंटरटेनमेंट पर प्रसारित हो रहे सीरियल 'श्रीमद रामायण' में श्रीराम की भूमिका निभाने वाले सुजय रेउ राम और हनुमान के मिलन से अभिभूत हो गए।श्रीमद रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अभिनेता सुजय रेउ ने कहा,कुछ ऐसे सीन है जो आपके मन को छू लेंगे, और एक अभिनेता के रूप में, मै अपने किरदार, भगवान राम और भगवान हनुमान के महत्वपूर्ण मिलन से अभिभूत था। हर सीन समय और स्थान से परे, भक्ति और साहस के धागों से बुने हुए, उनके स्थायी रिश्ते का प्रमाण है। हनुमान बने निर्भय वाधवा प्रोस्थेटिक्स का उपयोग करने के बावजूद, जिस तरह से भाव व्यक्त करते है, उससे मै हैरान हूं, क्योंकि यह वास्तव में कठिन है, और मै उनकी कड़ी मेहनत की तारीफ करता हूं।

हनुमान की भूमिका निभाने वाले अभिनेता निर्भय वाधवा ने कहा,राम-हनुमान मिलन के जरिए, हम एक पवित्र यात्रा पर निकले है, जहां हर पल निष्ठा, साहस, और भगवान राम व उनके सबसे बड़े भक्त के बीच का शाश्वत बंधन की दिव्य धुन से गूंजता है। सुजय का स्वभाव बहुत शांत और मनभावन है, जो भगवान राम के उनके प्रदर्शन में झलकता है, और उनका दृष्टिकोण हमेशा इतना सकारात्मक रहता है कि उनके साथ शूटिंग करके बहुत ही सुखद अनुभव होता है।

## सुभाष घई ने रामायण टीम को दी बधाई



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार सुभाष घई ने रामायण फिल्म की टीम को बधाई दी है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म रामायण इन दिनों चर्चा में है। सुभाष घई ने सोशल मीडिया पर अपने नोट में लिखा, आखिरकार एक निर्माता ने इसे मुंबई में किया। प्रिय नमित मल्होत्रा को भारत की हिंदू पौराणिक कथाओं की महाकाव्य कहानी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया के बाकी हिस्सों में दिखाने की उनकी ईमानदार इच्छा के साथ हिंदी मेघा स्केल मोशन पिक्चर रामायण लॉन्च करने के लिए मेरी हार्दिक बधाई। सुभाष घई ने लिखा, यह हमारे देश भारत को विश्व के परिप्रेक्ष्य में सर्वोच्च स्थान पर स्थापित करने वाला है। हमारे प्रतिभाशाली और धन्य निर्देशक नितेश तिवारी, रणबीर कपूर, सनी देओल, यश और पूरी टीम को बधाई। मेरी शुभकामनाएं।

## फिल्म 'किल' का टीजर रिलीज



मुंबई (वार्ता)। लक्ष्य लालवानी और तान्या मानिकतला स्टारर फिल्म किल का टीजर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म किल की कहानी एक ट्रेन जर्नी के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आ रही है। निखिल नागेश भट्ट के निर्देशन में बनी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'किल' में लक्ष्य लालवानी, तान्या मानिकतला और राघव जुयाल जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में है। फिल्म किल का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म किल के टीजर की शुरुआत एक ट्रेन वाले सीन से होती हुई दिखाई देती है। इसमें देखने को मिलता है कि कैसे हर कोई यात्री अपनी जर्नी के दौरान खुश है, लेकिन अचानक ही उनकी खुशियां खून-खराबे में बदल जाती है।फिल्म किल 05 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## एक शॉट 20 मिनट में किया पूरा सोनाक्षी सिन्हा



मुंबई, (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आने वाली वेबसीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में पूरा कर दिया। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडीः द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल है। सोनाक्षी सिन्हा ने इस फिल्म के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में यानी की पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास भी रच दिया है। बताया जा रहा है कि दमदार दृश्य की शूटिंग के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम के साथ-साथ संजय लीला भंसाली ने भी सोनाक्षी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया था।

## 'कइसे लइका भइल' भोजपुरी गाना रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का गाना 'कइसे लइका भइल' रिलीज हो गया है।

गाना 'कइसे लइका भइल' को लेकर अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि यह अलग तरह का गाना है। गाने के साथ देवर और भाभी के बीच का शरारत पूर्ण संवाद है।आपको यह गाना पसंद आयेगा। इस गाने की मेकिंग भी बेहद ख़ास हुई है।गाना 'कइसे लइका भइल' का लिरिक्स रौशन सिंह विश्वास ने तैयार किया है और म्यूजिक प्रियांशु सिंह का है। निर्देशक दीपांश सिंह ,एडिटर जीतेन्द्र सिंह जीतू है।

## नंबी नारायण ने 'आदुजीविथम' की तारीफ की



मुंबई (वार्ता)। पद्म भूषण से सम्मानित और प्रसिद्ध इसरो वैज्ञानिक नंबी नारायणन ने पृथ्वीराज सुकुमारन अभिनीत फिल्म 'आदुजीविथम (द गोट लाइफ)' की तारीफ़ की है। पृथ्वीराज सुकुमारन इन दिनों ब्लेसी द्वारा निर्देशित अपनी आने वाली फिल्म 'आदुजीविथम (द गोट लाइफ)'को लेकर चर्चा में है। आलोचकों और दर्शकों की प्रशंसा के बीच, प्रसिद्ध इसरो वैज्ञानिक और पद्म भूषण पुरस्कार विजेता नंबी नारायणन भी अब प्रशंसकों की सूची में शामिल हो गए है।

नंबी नारायणन ने कहा, यह एक उत्कृष्ट फिल्म है, मुझे पृथ्वीराज का जिक्र जरूर करना चाहिए, उन्होंने फिल्म में जान डाल दी है, खासकर अपने एक्सप्रेशन से। उन्होंने अपनी पिछली सभी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। कुल मिलाकर मुझे उम्मीद है कि फिल्म को ऑस्कर अवॉर्ड मिल सकता है.'शुभकामनाएं!



## कोड ब्लू मास्क टीवी पर रिलीज होगी



मुंबई (वार्ता)। ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर ईद के अवसर पर 10 अप्रैल को फिल्म कोड ब्लू रिलीज होगी।

मास्क टीवी की चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट ने बताया, कोड ब्लू 10 अप्रैल को रिलीज हो जाएगी। कोड ब्लू एक सामाजिक कुरीतियों पर आधारित तीन तलाक के ऊपर आधारित फिल्म है जिसमें समाज के अंदर मुस्लिम महिलाओं की एक अलग किस्म की पीड़ा की नई परिभाषा से दर्शक रूबरू होंगे। इस फिल्म के माध्यम से महिलाओं के उत्पीड़न और उनके मूलाधिकारों के बारे में जागरूक करने का काम किया गया है।

मास्क टीवी ओरिजनल के तहत फ़िल्म कोड ब्लू का निर्माण टैंग प्रोडक्शन्स ने किया है जिसके निर्माता अंजू भट्ट और चिरंजीवी भट्ट है। लेखक निर्देशक लीना खान ने बताया कि फिल्म कोड ब्लू के जरिये दर्शकों को हम इस दुनिया में बसी एक अलग दुनिया से साक्षात्कार कराने जा रहे है। इसमें हमने ट्रिपल तलाक की विभीषिका को झेलने के बाद उसके शिकार महिला की मानसिकता को दिखाया है। ट्रिपल तलाक एक जुर्म है इससे एक झटके में किसी नवविवाहिता या फिर किसी बुजुर्ग महिला की जिंदगी तबाह हो जानी होती है।

# 2 करोड़ की हेरोइन सहित अवैध तस्करी गिरोह के 2 अभियुक्त पुलिस के फंदे में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर ओमवीर सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी जमानिया के निकट पर्यवेक्षण में शनिवार को स्वाट, सर्विलांस व थाना जमानिया पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय मादक पदार्थ हेरोइन की अवैध तस्करी करने वाले गिरोह के 02 अभियुक्तों को 01 किलो 140 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 02 करोड़ रुपए है के साथ गायघाट मोड़ के पास से बीती रात समय करीब 12.15 बजे गिरफ्तार किया गया। हेरोइन की अवैध तस्करी करने वाले गिरफ्तारशुदा उपरोक्त अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । पूछताछ के दौरान हिरासत में लिए गए व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि हम लोग पिछले कुछ समय से हेरोइन तस्करी के धंधे में संलिप्त हैं। हमारा मुख्य सरगना रामानन्द यादव निवासी ग्राम- सोनहरिया थाना



जमानियां है, जिसे पिछले महीने उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने वाराणसी से पकड़कर नागालैण्ड पुलिस को सौंपा था, जो अभी जेल में है। अधिक पैसा कमाने के लालच में हम लोग अन्य राज्यों से तस्करी कर लाने वाले लोगों से यहाँ पर खरीद कर उसे अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग लोगों को ऊँचे दामों पर विक्रय कर मिलने वाले पैसों को आपस में बाँट लेते हैं और उसी पैसे से अपने परिवार का भरण-पोषण व अपने शौक पूरे करते हैं। गिफ्तारशुदा अभियुक्तगण में दीपक यादव पुत्र सुभाष सिंह यादव निवासी शेरपुर फुल्ली थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर उम्र 40 वर्ष मु0अ0सं0-96/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना जमानिया जनपद गाजीपुर तथा ओमकार राय पुत्र स्व0 नगीना राय निवासी बेटावर थाना जमानियां, जनपद गाजीपुर उम्र करीब 53 वर्ष मु0अ0सं0-105/ 2000 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना जमानिया जनपद गाजीपुर मु0अ0सं0-96/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना जमानिया जनपद गाजीपुर पर अभियोग लगाया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जमानियां मय टीम जनपद गाजीपुर तथा प्रभारी स्वाट व सर्विलांस मय टीम जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## मुख्तार अंसारी के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त करेंगे सपा प्रमुख अखिलेश

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद से लगातार कई बड़े नेताओं के गाजीपुर आने का सिलसिला जारी है वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी 7 अप्रैल को गाजीपुर अंसारी के परिवार से मिलने जा रहे है। उल्लेखनीय है कि मुख्तार के बड़े भाई बीएसपी सांसद अफजाल अंसारी गाजीपुर से सपा प्रत्याशी घोषित किए गए हैं और अभी हाल में सपा नेता धर्मेंद्र यादव ने भी अंसारी परिवार के घर पहुंचकर संवेदनाएं व्यक्त की थी, और मीडिया से बताया था कि जल्द ही अखिलेश यादव भी मुख्तार के परिजनों से मिलने और संवेदनाएं देने आएंगे। जैसा कि विदित है कि 28 मार्च की देर रात मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। इसके बाद से सियायत से जुड़े अनेक राजनेताओं का मुख्तार अंसारी के घर पहुंचकर परिवार को पुरसा देना और कब्र पर श्रद्धांजलि देना लगातार जारी है, इसी क्रम में 7 अप्रैल को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी गाजीपुर के मोहम्मदाबाद स्थित मुख्तार अंसारी के आवास फाटक पर पहुंचकर श्रद्धांजलि देंगे, इस आशय का प्रोटोकाल भी जिला प्रशासन के पास आ चुका है, वे करीब 1 बजे से 1.45 मिनट तक उनके आवास फाटक पर रहेंगे, इस कार्यक्रम की पुष्टि करते हुए एसपी गाजीपुर ओमवीर सिंह ने बताया है कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आगमन की सूचना प्राप्त हुई है। चूंकि महोदय जेड प्लस सुरक्षा से अच्छादित हैं इसलिए उनके प्रोटोकाल में नियमानुसार सारी सुविधाएं जो अनुमन्य हैं वो दी जा रही हैं, जिला प्रशासन से अनुमति के बाद अष्ट शहीद इंटर कॉलेज में उनके हेलीकॉप्टर को उतारने के लिए हेलीपैड की तैयारी संबंधित लोगों द्वारा की जा रही है। 7 अप्रैल को दिन में 1 बजे के करीब वहां से वे सड़क मार्ग से सांसद अफजाल अंसारी के घर जाएंगे और संवेदनाएं व्यक्त करेंगे।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य विभाग ने 38 नमूनों की जांचकर संबंधितों को दी चेतावनी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि उ0प्र0, लखनऊ एवं जिलाधिकारी आर्यका अखौरी गाजीपुर के आदेश के अनुपालन में गुरुवार को सहायक आयुक्त खाद्य वाराणसी मण्डल, वाराणसी द्वारा प्रदत्त एफ0एस0डब्ल्यू वैन के माध्यम से सदर तहसील जनपद गाजीपुर में विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 38 नमूनें जॉच किये गये। विवरण निम्नवत है। तहसील सदर, मैनपुर एवं चोचकपुर गाजीपुर में एफ0एस0डब्ल्यू वैन के माध्यम से मिल्क का 01 नमूना, खोया का 03 नमूना, पनीर का 01 नमूना, मिल्क प्रोडक्ट का 01 नमूना, मिल्क स्वीट का 05 नमूनें, अन्य स्वीट्स के 2 नमूनें, अनाज का 01 नमूना, दाल का 8 नमूनें, मसाला का 08 नमूनें, खाद्य तेल का 01 नमूना, नमक का 2 नमूनें एवं अन्य खाद्य पदार्थ सॉस




के 3 नमूनें, चाय, गुड़ काजू के 01-01 नमूना कुल 38 नमूनें जॉच किये गये जिनमें से मिल्क स्वीट के 01 नमूना में स्टार्च बाह्य पदार्थ, मसाला का 01 नमूना में सिन्थेटिक कलर पाया गया एवं अन्य खाद्य पदार्थ सॉस के 03 नमूनें में स्टार्च बाह्य पदार्थ पाया गया। मौके पर ही खाद्य कारोबारकताओं को जॉच रिपोर्ट से अवगत कराया गया एवं उन्हें भविष्य में खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता में सुधार हेतु निर्देशित किया गया तथा मौके पर उपस्थित आम जनमानस को खाद्य पदार्थों में मिलावट के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। एफ0एस0डब्ल्यू वैन का संचालन अवधेश कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, एवं मो0 हनीफ लैब टेक्नीशियन द्वारा किया गया।

# कोटेदारों के कमीशन वृद्धि को लेकर हाईकोर्ट में कोर्ट आफ कन्टेम किया गया

प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश द्वारा कल हाईकोर्ट प्रयागराज में कोर्ट आफ कन्टेम दाखिल किया गया। प्रदेश के कोटेदारों का कमीशन बढाया जाय। कोर्ट द्वारा यह आदेश दिया गया था कि प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद संगठन की कमीशन की पत्रक पर तीन महीने के अंदर सुनवाई करते हुए कमीशन बढ़ाया जाय लेकिन सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया जिससे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने हाईकोर्ट में कोर्ट आफ कन्टेम दाखिल किया।तथा प्रदेश के कोटेदार को प्रति कुन्तल छीजन मिलना चाहिए।तथा जो प्रदेश में न ई वोईग कांटा मशीन लगा हैं उसमें नेटवर्क तथा उसका सिस्टम सही



नहीं है जल्द बाजी में सरकार द्वारा इस लागू कर दिया जो अब कोटेदारों के लिए और कार्डधारकों के लिए गले का फास बन गया है यही दोनों पर याचिका हाईकोर्ट में जल्द दाखिल किया जायेगा।इस पर सारी प्रतिक्रिया कर ली गई है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने बताया कि प्रदेश के कोटेदारों की लडाई संगठन हमेशा लडता रहेगा। बैठक में जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाण्डेय वाराणसी अशोक कुमार जिला महासचिव संदीप मिश्रा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर यादव सुनील गुप्ता मटरू राम संदीप जायसवाल हौसिला गुप्ता भुल्लन यादव जमुना प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे संचालन राजकुमार द्वारा किया गया।

# हाथों में रचा मेंहदी 'छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान'

भदोही। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर भदोही में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए काफी प्रयास किए का रहे हैं। जिलानिर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के निर्देश पर साईकिल, वाहन, पोस्टर रैली के साथ-साथ मेंहदी रचाओ अभियान के जरिए मतदाताओ को अपना बहुमूल्य मत डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है। भदोही जनपद के विकासखंड भदोही, सुरियावां, अभोली, ज्ञानपुर औराई और डीघ में विभिन्न माध्यमों से प्रशासनिक अधिकारी जिलानिर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के निर्देश पर मतदाता जागरूकता रैली निकाल रहे हैं। स्कूली बच्चों और महिलाओं के जरिए नारे लिखकर लोगों को आकर्षित किया जा रहा है। शनिवार को अभोली विकासखंड के गौरा ग्राम पंचायत में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत सिंह की मौजूदगी में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता



जागरूकता संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में वोट हमारा अधिकार है। हमें अपने अधिकारों का खुलकर प्रयोग करना चाहिए। हमारे एक वोट से जहाँ लोकतंत्र मजबूत होगा वहीं दूसरी तरफ हम अपने उद्देश्य को पूरा करेंगे। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने हाथों में सुंदर और आकर्षक मेहंदी रचाकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए आकर्षित किया। स्कूली छात्राओं ने अपने हाथों में सुंदर तरीके से मेहंदी रचाई थी और लोगों को जागरूक करने के लिए उसे पर नारे भी लिखे थे। जैसे छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान, एक वोट से होती जीत-हार, होता ना कोई मत बेकार, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, समय वोट के लिए निकालें, अपनी जिम्मेदारी पहचाने जैसे नारे लिखे थे। जिला निर्वाचन आयोग जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूरे जोरशोर से लगा है।

# सत्रांत पर टापर मेघावी छात्रों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भावरकोल विकास खंड भावरकोल के स्वामी आत्मानंद इंटर कॉलेज टोडरपुर गाजीपुर मे आज बीते शिक्षा सत्र के संपन्न गृह परीक्षाओं अपने अपने कक्षाओं मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त और टापर आफ कालेज मेधावी को प्रधानाचार्य व वरिष्ठ प्रवक्ता संस्कृत श्री कांत तिवारी के हाथों प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर प्रोत्साहित और सम्मानित किया गया। कक्षा 6,7,8,9 व 11मे क्रमश बालिका वर्ग मे आरुषि मौर्य, सुनीता कुशवाहा, प्रियांशी यादव, प्रिया कुशवाहा प्रथम जबकि बालक वर्ग मे क्रमशःकिसन राजभर, रविशंकर राजभर, ज्योतिष कुशवाहा, अभिषेक राजभर प्रथम स्थान प्राप्त किए। कक्षा 9 बालिका वर्ग की छात्रा प्रियांशी यादव ने शत प्रतिशत अंक पाकर टापर आफ कालेत का शानदार पुरस्कार जीतने मे सफल रही। इस अवसर पर अपने संबोधन मे



प्रधानाचार्य शिवजी यादव ने कहा कि अनवरत मेहनत करने वालों की ही सफलता की देवी चरण छूती है। जीवन मे मेहनत करने वाला असफल हो ही नही सकता। उन्होने यह भी कहा कि जो स्थान नही बना पा सके वे निराश न हों तैयारी मे लगे रहें और अगले साल अवश्य टापरों कि फेहरिस्त मे अपने को शामिल कर लें। कालेत के शिक्षक ऊदल सिह व देवेंद्र पांडेय ने भी संबोधित किए।पुरस्कार वितरण आयोजन कालेत की साहित्यिक संस्था साहित्य परिषद द्वारा किया । पुरस्कार वितरण मे शिक्षक राबिन्दर पासवान व उमाशंकर यादव ने काफी सहयोग किए। अध्यक्षता श्रीकांत तिवारी व संचालन साहित्य परिषद के अध्यक्ष राधेश्याम यादव ने किया। अंत मे राष्ट्रीय गीत गाकर से समारोह का समापन किया गया । इस अवसर पर कालेज के सभी कर्मठ शिक्षक व शिक्षेणतर कर्मवीर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद भर में मतदाता जागरूकता अभियान लगातार जारी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन अन्तर्गत चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अनतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु जन-जन तक एक-एक व्यक्ति को 01 जून को घर से बाहर निकलकर अपने पूरी इमानदारी से अपने मतदान का प्रयोग करेगे चाहे वो 80 वर्ष से उपर के व्यक्ति हो या दिब्यांग हो व 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हो की दशा में व्यक्ति मतदान का प्रयोग करेगे। इसी क्रम में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देशन मे चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों, महाविद्यालयो के तहत जिला स्वीप को आर्डिनेटर के नेतृत्व में चुनावी पाठशाला लगाकर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नित्य कार्यक्रम, नाटक नुक्कड़ एवं कलश के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित लगातार किया जा रहा है। जिसक्रम में श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज डेढगॉवा गाजीपुर में मतदाता शपथ दिलायी गयी, श्री राम सूरत सिंह इण्टर कालेज तारीघाट गाजीपुर में मतदाता शपथ दिलाई



गयी, राजकीय हाईस्कूल रेवतीपुर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी, बैजनाथ इण्टर कालेज में मतदाता जागरूकता उत्सव मनाया गया, राजकीय हाईस्कूल भिक्केपुर मे छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया, राजकीय बालिका इण्टर कालेज सैदपुर में मतदाता जागरूकता रैली तथा पोस्टर बैनर से जागरूक किया गया, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब गतिविधि, मतदाता जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन किया गया, हिन्दू पीजी कॉलेज जमानियां में निर्वाचन साक्षरता क्लब गतिविधि, मतदाता हस्ताक्षर कार्यक्रम, किया गया, सत्यदेव महाविद्यालय गाजीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना निर्वाचन साक्षरता क्लब गतिविधि, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं मतदाता शपथ, महात्मा गांधी शती स्मारक महाविद्यालय गरूआ मकसूदपुर जमानियां में निर्वाचन साक्षरता क्लब गतिविधि, मतदाता जागरूकता रैली एवं मतदाता शपथ कार्यक्रम, सत्यदेव डिग्री कालेज में निबंध प्रतियोगिता एवं मतदाता शपथ कार्यक्रम, राजकीय सिटी इण्टर कालेज में मतदाता जागरूकता रैली, वाद-विवाद, निबंध लेखन कार्यक्रम, किया गया। जिसमे लोगो को आगामी 01 जून, 2024 को पूरे जोर-सोर से मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

## देशी शराब की ठीका नए स्थान पर खुलने से स्थानीय महिलाओं में भारी आक्रोश

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रौना खुर्द ग्राम सभा के अंतर्गत देशी शराब का ठीका खुलने पर उक्त गांव के महिलाओं ने भारी आक्रोश के धरना प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव का ठीका पहले से आबंटित रौना खुर्द बाजार के पास चल रहा था। अब नये वित्तीय वर्ष में उक्त ग्राम सभा का ठीका नए लाइसेंस धारक पतेरवा (नई बाजार) निवासी संजय जायसवाल को मिलने पर उन्होंने स्थान बदल कर प्रथमिक विद्यालय विश्वकर्मा पूर्व माध्यमिक विद्यालय से मात्र 50 मीटरदूरी पर पूर्व प्रधान नन्दलाल जायसवाल के नये निर्मित दुकान में कल ही खोला गया है। इसकी सूचना जब स्थानीय बस्ती के महिलाओं ने मिलकर सब इकट्ठा होकर महिला उक्त स्थान पर धरना देने लगी महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष गुंजा राय, निशा देवी ,बिंदु देवी, रेनू ,सरिता सुमन आदि महिलाओं ने जमकर विरोध किया और दुकान का शटर



बंद कराया। इस बाबत थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह से बात किया गया तो बताया कि जानकारी हमको नही है, अब जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस बल मौके पर भेज रहा हूँ।

## संक्षिप्त खबरें

### शैलेन्द्र रघुवंशी आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय के प्रबंध परिषद के सदस्य नामित



प्रखर वाराणसी। आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वाविद्यालय, अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, वाराणसी में राज्यपाल द्वारा नामित आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वाविद्यालय के प्रबंध परिषद के सदस्य शैलेन्द्र रघुबंशी का जोरदार स्वागत हुआ ' पत्रकारों से वार्ता करते हुए शैलेन्द्र रघुबंशी ने कृषि विज्ञान केन्द्र पर नये पौधों व नर्सरी को लगाए जाने की बात करते हुए कहा की फल एवं सब्जी की खेती में मुनाफा ज्यादा है और अगर किसान भाई संगठित होकर खेती करें तो निश्चिय ही अधिक मुनाफा होगा ' उन्होंने के. वि. के. के को हरसंभव मदद करने हेतु कहा ' उन्होंने हाई डेनसिटी अमरुद की बागवानी किसानों के स्तर पर स्थापना की बात कही. इस अवसर पर केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ नरेंद्र रघुबंशी ने मुख्य अतिथि शैलेन्द्र रघुबंशी का बुके,माल्यार्पण एवं स्मृती चिन्ह देकर सम्मान किया ' कार्यक्रम में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ नविन, डॉ अमितेश, डॉ प्रतीक्षा डॉ मनीष, श्रीप्रकाश, राणापियूष एवं अरविन्द द्वारा माल्यार्पण किया गया साथ ही, अरविन्द, देवमणि, नागेंद्र, अशोक,शिवानी, आरती आदि उपस्थित रहे।

### मिर्जामुराद में पुलिस की तैयारी के लिए सड़क पर दौड़ रहा युवक आया डंपर की चपेट में दर्दनाक मौत

प्रखर वाराणसी। जिला के मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के मिल्किपुर कछवाँरोड कपसेठी मार्ग पर शनिवार की सुबह लगभग 4:30 बजे के आस पास सड़क पर प्रतिदिन दौड़ने आने वाले युवक डंपर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। बतादे कि दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि उसके शव की पहचान करना मुश्किल हो गया।



जिस गाड़ी से उसकी दुर्घटना हुई, वह गाड़ी अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग निकली। जानकारी के अनुसार रोशन पटेल पुत्र केवलादेव पटेल गाँव उम्र 23 वर्ष की सडक दुर्घटना में मौत हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक प्रतिदिन दौड़ने के लिए आता था। जो पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। लोगो ने बताया कि दुर्घटना किसी डम्फर गाडी से हुई है। जिसका टाटा का लोगो टूट कर सड़क पर गिरा पाया गया है।

### बाबा विश्वनाथ का फेसबुक पेज हैक, कड़ी मशक्कत के बाद हुआ रिकवर!

प्रखर वाराणसी। देवाधिदेव महादेव श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास का फेसबुक पेज हैक हो गया। इसकी जानकारी होते ही न्यास की ओर से साइबर सेल और फेसबुक प्रशासन से संपर्क कर पेज को रिकवर



करने का प्रयास शुरू किया गया। साइबर सेल की दो टीमों की मदद से पेज को रिकवर कर लिया गया है। आधे घंटे तक पेज हैक किया गया। इस दौरान बुकिंग में परेशानी आई। जानकारी के मुताबिक पेज को हैक करने के बाद अश्लील फोटो सहित पोस्ट किया गया था। जिसके बाद पेज हैक होने की जानकारी हुई। न्यास ने वाराणसी कमिश्नरेट के साइबर सेल में तहरीर दी। मंदिर न्यास की शिकायत मिलते ही सक्रिय हुई साइबर सेल की टीमों ने तत्काल पेज को रिकवर कर लिया। साइबर अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई के लिए साइबर सेल में शिकायत की गई। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने कहा है कि असुविधा के लिए न्यास खेद व्यक्त करता है।

### गैस सिलेंडर में लगी आग से एक अधेड़ महिला झुलसी, स्कूटी व मोटरसाइकिल खाक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। खानपुर क्षेत्र के गजाधरपुर में गैस सिलेंडर में आग लगने से चालीस वर्षीय महिला बुरी तरह से झुलस गई वही घर मे मौजूद एक मोटरसाइकिल व एक स्कूटी जलकर खाक हो गई। घटना के बाद आनन फानन में परिजनों ने घायल महिला को औड़िहार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहाँ उसका ईलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गजाधरपुर निवासिनी पुष्पा यादव उम्र 40 वर्ष पत्नी अरविंद यादव सुबह करीब नौ बजे अपने रसोईघर में खाना बना रही थी कि तभी उनके गैस सिलेंडर से रिसाव होने लगा जब तक उनको समझ आता कि तभी अचानक सिलेंडर में आग लग गयी। आनन फानन में पुष्पा ने शोर मचाना शुरू किया और इतने में घर मे मौजूद परिजनों ने किसी तरह सिलेंडर को रसोईघर से बाहर निकाला लेकिन तब तक सिलेंडर में आग तेज होने के कारण बगल में खड़ी एक मोटरसाइकिल व एक स्कूटी जलकर खाक हो गई। वही आग बुझाने में लगी पुष्पा भी आग के चपेट में आने से झुलस गई। मौके पर उपस्थित पड़ोसियों के सूचना पर तत्काल मौके पर पहुँचे चौकी इंचार्ज सिधौना फूलचंद पांडेय ने परिजनों की मदद से सिलेंडर को बाहर पानी के गड्ढे में फेकवाया जिससे बड़ा हादसा होने से पहले ही टल गया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं